फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 57, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 25 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म



## राहुल के समर्थन में केजरीवाल



**नई दिल्ली:** मोदी सरनेम मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विपक्षी दलों का समर्थन गांधी को मिल रहा है। इस मामले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। शुक्रवार को उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। यहां तक की सबसे कम पढ़ा लिखा प्रधानमंत्री तक बोल दिया। केजरीवाल ने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता रद्द कर दी गई है। यह देश के लिए चिंता का विषय है। हम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं। जिस तरह से उनकी सदस्यता रद्द की गई है यह दिखाता है कि यह डर है। यह देश के लिए खतरनाक है। यह देश में ऐसा माहौल बनाना चाहते हैं कि एक देश में एक ही नेता रहे। इसे ही तानाशाही कहते हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों से अपील करता हूं यह भारत सबका है। हमारे पूर्वज ने आजादी की लड़ाई लड़ी। प्रधानमंत्री की अगुवाई वाली आज की यह सरकार अंग्रेजों की सरकार से भी खतरनाक है। सभी को एक साथ होना होगा, नहीं तो बहुत देर हो जाएगी। पार्टियां महत्वपूर्ण नहीं है। वहीं, दिल्ली विधानसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों ने क्या हाल बना दिया है देश का। अभी राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर दी, डरते हो तुम लोग तो बहुत डरपोक निकले।

## राहुल को सच कहने की सजा मिली: कांग्रेस, भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूं, हर कीमत चुकाने को तैयार हूं: राहुल गांधी



**नई दिल्ली: कांग्रेस** नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त कर दी गई है। मानहानि मामले में सूरत की एक अदालत द्वारा दो साल की सजा सुनाए जाने के एक दिन बाद राहुल को संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराया गया। राहुल केरल के वायनाड लोकसभा क्षेत्र के सांसद थे। इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि वह भारत की आवाज के लिए लड़ रहे हैं। इसके लिए वह हर कीमत चुकाने को तैयार हैं। लोकसभा सचिवालय की ओर से शुक्रवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक संविधान के अनुच्छेद 102 (1) (ई) और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 के तहत राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त की गई है। राहुल को गुजरात के सूरत की अदालत ने गुरुवार को मोदी सरनेम वाले बयान पर दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा सुनाई। अदालत ने साथ ही साथ राहुल को जमानत भी दे दी। अदालत ने इसके अलावा सजा को 30 दिन के लिए सस्पेंड भी कर दिया। इसके बाद लोकसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता रद्द करने का फैसला किया, जो गुरुवार (23 मार्च 2023) से प्रभावी हो गई। वर्ष 2019 में कोलार (कर्नाटक) में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल ने कहा था कि 'सारे चोरों के सरनेम मोदी कैसे है? राहुल के इस बयान के बाद सूरत पश्चिम सीट के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने मानहानि का केस कर दिया था। उन्होंने कहा था कि राहुल ने पूरे मोदी समुदाय का अपमान किया है। कांग्रेस ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त किए जाने का विरोध किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा कि हम कानूनी और राजनीतिक दोनों तरह से इस लड़ाई को लड़ेंगे। कांग्रेस डरने या चुप रहने वाली नहीं है। रमेश ने कहा कि अडाणी प्रकरण में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के बजाय राहुल गांधी को अयोग्य करार दिया गया है। यह गलत है। कांग्रेस कानूनी और राजनीतिक लड़ाई जारी रखेगी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने आरोप लगाया कि सच की आवाज बुलंद करने के जुर्म में मोदी सरकार ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त करवा दी है। सिंघवी ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि राहुल को सच बोलने की सजा दी गई है। यह कानून से अधिक सियासी मामला है। उन्होंने कहा कि जानबूझकर यह सरकार हर लोकतांत्रिक संस्थाओं को खत्म कर रही है। यह सरकार बोलने की आजादी धीरे-धीरे छीन रही है। राहुल जनहित में मुखर होकर विचार व्यक्त करते रहे हैं। ये बातें सरकार को चुभती थीं। राहुल ने जीएसटी, चीन, नोटबंदी, अडाणी सहित हर मुद्दे पर मुखर होकर आवाज उठाई है। उन्होंने संसद से सड़क तक जनता के मुद्दों को उठाया। यह सरकार को बर्दाश्त नहीं हुआ। इसलिए नियम-कानून को ताक पर रखकर उन्हें संसद से बेदखल कर दिया गया। सिंघवी ने कहा कि वह इस मुद्दे को लेकर कोर्ट में जाएंगे। उन्हें कोर्ट पर पूरा भरोसा है। राहुल को वहां न्याय मिलेगा। सिंघवी ने कहा कि जिस मामले में राहुल को सजा मिली है वह गुजरात का मामला नहीं था। राहुल ने कोलार (कर्नाटक) में बयान दिया था। इसकी शिकायत सूरत में दर्ज की गई। ऐसे में कानून कहता है कि जज को सुनवाई से पहले यह जांच करवानी चाहिए कि क्या जिस मामले पर वह सुनवाई कर रहे हैं वह उनके न्यायिक क्षेत्र में आता है या नहीं, लेकिन कोर्ट ने बिना इस नियम का पालन किए सजा सुना दी। यह नियम के खिलाफ है।

**बॉक्स**

**बॉक्स**

## कानून से ऊपर कोई नहीं: भाजपा



**नई दिल्ली: भारतीय जनता पार्टी** (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा सचिवालय द्वारा एक सांसद के रूप में अयोग्य ठहराया जाना एक अदालती आदेश का परिणाम है। केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश के कानून के समक्ष सभी नागरिक समान है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराया गया है और दो साल की जेल की सजा सुनाई गई है। कानून के अनुसार, सजा संसद की सदस्यता से अयोग्यता की ओर ले जाती है। भाजपा नेता ने कहा, राहुल गांधी ने एक सार्वजनिक सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सरनेम के साथ अपशब्द जोड़ा था। जातिवाचक शब्द का प्रयोग करके अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। इस आरोप पर सूरत कोर्ट ने जो फैसला सुनाया है, उससे साफ है कि भारत की कानून व्यवस्था और प्रजातांत्रिक पद्धति से ऊपर कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी खासकर राहुल का परिवार उनके लिए अलग आईपीसी चाहता है। इस आईपीसी के तहत उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए। वे उसके लिए एक अलग न्यायपालिका चाहते हैं। हालांकि, वे यह समझने में विफल हैं कि लोकतंत्र में कानून सभी के लिए समान है। प्रधान ने कहा कि आज साहिबजादे (राहुल गांधी) के चाटुकार छाती पीट रहे हैं, हाय-तौबा कर रहे हैं। आज जो फैसला हुआ है उन्हीं की सरकार के ऑर्डिनेंस के आधार पर हुआ है। आज जब उनकी सदस्यता गई तो, उन्हीं के पार्टी के लोग हाय-तौबा मचा रहे हैं।

## बिलकिस बानो केस के दोषियों की रिहाई मामले में सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली: सुप्रीम** कोर्ट बिलकिस बानो केस के दोषियों की रिहाई के खिलाफ याचिका पर 27 मार्च को सुनवाई करेगा। जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच सुनवाई करेगी। जस्टिस बेला त्रिवेदी ने 4 जनवरी को इस मामले पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। 21 अक्टूबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमन की ओर से दाखिल याचिका को मुख्य याचिका के साथ टैग करने का आदेश दिया था। याचिका में गुजरात सरकार के दोषियों की रिहाई के आदेश तत्काल रद्द करने की मांग की गई है। गुजरात सरकार ने 17 अक्टूबर, 2022 को हलफनामा दाखिल कर कहा था कि बिलकिस बानो गैंगरेप केस के दोषियों को उनकी सजा के 14 साल पूरे होने और उनके जेल में अच्छे व्यवहार की वजह से रिहा किया गया। दोषियों की रिहाई केंद्र सरकार की अनुमति के बाद की गई। गुजरात सरकार ने कहा था कि दोषियों की रिहाई का फैसला कैदियों को रिहा करने के सुप्रीम कोर्ट के 9 जुलाई, 1992 के दिशा-निर्देश के आधार पर किया गया है न कि आजादी के अमृत महोत्सव की वजह से। गुजरात सरकार ने कहा कि बिलकिस बानो के दोषियों की समय से पहले रिहाई का एसपी, सीबीआई, सीबीआई के स्पेशल जज ने विरोध किया था। बिलकिस बानो गैंगरेप केस के दोषियों ने 24 सितंबर, 2022 को सुप्रीम कोर्ट में अपना जवाब दाखिल करके कहा था ।

## भाजपा सरकार में उम्मीद की ओर बढ़ रहा है उत्तर प्रदेश: पीएम

### पीएम मोदी ने वाराणसी में 1780 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण




**वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में उत्तर प्रदेश निराशा के साये से उबरा है और अब अपनी आकांक्षाओं एवं अपेक्षाओं के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश विकास के हर क्षेत्र में नए आयाम जोड़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज वाराणसी में 1780 करोड़ रुपये से अधिक की 28 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार कल (25 मार्च) अपने दूसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा कर रही है, साथ ही यह भी कहा कि योगी ने अब तक के सबसे लंबे समय तक राज्य के मुख्यमंत्री रहने का एक नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बढ़ी हुई सुरक्षा एवं समृद्धि सुनिश्चित करने वाली सेवा का एक स्पष्ट उदाहरण है।प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकारें गरीबों की चिंता भी करती हैं और सेवा भी। आप लोग भले ही प्रधानमंत्री बोलें, सरकार बोलें, लेकिन मोदी तो खुद को आपका सेवक ही मानता है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले बैंकों में खाता खोलने में भी पसीने छूट जाते थे, बैंकों से ऋण लेना तो गरीब परिवार सोच भी नहीं सकता था। आज गरीब से गरीब परिवार के पास भी जनधन बैंक खाता है। उसके हक का पैसा, सरकारी मदद आज सीधे बैंक खाते में आती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर जगह काशी के विकास की बात हो रही है और हर आने वाला नई ऊर्जा के साथ वापस जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज काशी में पुरातन और नूतन दोनों स्वरूपों के दर्शन एक साथ हो रहे हैं। उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम, गंगा घाट के काम और सबसे लंबी नदी की यात्रा के बारे में वैश्विक चर्चा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक साल में सात करोड़ से ज्यादा पर्यटक काशी घूमने आए।

## 'प्रोजेक्ट हिमशक्ति': वायुसेना और होगी ताकतवर

**नई दिल्ली: भारतीय** वायुसेना लगातार अपनी ताकत बढ़ा रही है। इसी क्रम में वायुसेना ने निगरानी, पहचान और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ 3000 करोड़ रुपये का एक करार किया है। यह करार 'प्रोजेक्ट हिमशक्ति' की खरीद से संबंधित है। रक्षा मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, मंत्रालय ने शुक्रवार को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल)।

## कोलकाता में ममता बनर्जी से मिले कुमारस्वामी




**कोलकाता:** जेडीएस नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने कोलकाता में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की। बैठक के बाद कुमारस्वामी ने सांसद के रूप में राहुल गांधी की अयोग्यता पर कहा कि यह आश्चर्य की बात नहीं है, क्योंकि हर कोई जानता है कि केंद्र सरकार कैसा व्यवहार कर रही है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जेडी (एस) के अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी ने शुक्रवार की शाम को बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी से मुलाकात की। इस मुलाकात को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह मुलाकात कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्य खत्म होने का बाद हुई। दोनों में क्या बात हुई यह तो अभी पता नहीं चल पाया है। एक सप्ताह के अंदर बंगाल की मुख्यमंत्री ने तीन क्षेत्रीय दलों के प्रमुखों से मुलाकात कर चुकी हैं। वे शुक्रवार को ही ओड़िशा से लौटकर आई हैं, जहां उन्होंने वहां के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात की। इससे पहले वे कोलकाता में सपा प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिल चुकी हैं। इस दौरान दोनों ने ही भाजपा और कांग्रेस से समान दूरी बनाकर चलने की बात कही थी। जानकार मान रहे हैं कि अगले कुछ माह में ही कर्नाटक में विधानसभा चुनाव होने हैं और उसके बाद फिर 2024 में लोकसभा चुनाव हैं। इस बीच दक्षिण और पश्चिमी के नेताओं की इस मुलाकात को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि एचडी कुमारस्वामी शुक्रवार की शाम को विशेष विमान से कोलकाता पहुंचे। कोलकाता एयरपोर्ट से वह सीधे कालीघाट स्थित ममता बनर्जी के आवास पर पहुंचे ।

## खालिस्तानी तत्वों पर कारगर कार्रवाई चाहता है भारत: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली: विदेश** मंत्रालय ने कहा है कि वे ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका में खालिस्तानी तत्वों की भारत विरोधी गतिविधियों के बारे में इन देशों की सरकार से आश्वासन नहीं बल्कि कारगर कार्रवाई चाहता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शुक्रवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि मेजबान देशों की जिम्मेदारी है कि वे भारत के राजनयिक मिशनों और वहां के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। प्रवक्ता से लंदन और सैनफ्रांसिस्को सहित अन्य शहरों में हुए प्रदर्शन व तोड़-फोड़ और मंदिरों पर हमले की घटनाओं के संबंध में पूछा गया था। प्रवक्ता ने कहा कि लंदन और सैनफ्रांसिस्को की घटनाओं के संबंध में ब्रिटेन और अमेरिका के साथ यह मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी अपेक्षा है कि मेहमान देशों के अधिकारी दोषी व्यक्तियों की पहचान पर उन्हें दंडित करेंगे तथा इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठायेंगे। उल्लेखनीय है कि लंदन में भारतीय उच्चायोग पर लगातार हो रहे ।

### एक की तलाश जारी; पोकरण फायरिंग रेंज से हुए मिसफायर

## जैसलमेर में गिरीं तीन मिसाइल: 2 खेत में मिलीं



**जैसलमेर: राजस्थान** के जैसलमेर में शुक्रवार को 3 मिसाइल मिसफायर हो गईं। जमीन से हवा में फायर करने वाली 3 मिसाइल जैसलमेर में ही अलग-अलग जगहों पर गिर गईं। जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में सेना के अभ्यास के दौरान तीन मिसाइल दागी गईं थीं, लेकिन तीनों ही मिसाइल आसमान में फट गई और फायरिंग रेंज के बाहर जाकर गिर गई। 2 मिसाइल का मलबा मिला गया है, तीसरे की तलाश जारी है। हालांकि, मिसाइल गिरने से किसी तरह की नुकसान की खबर नहीं हैं।

सूत्रों के अनुसार सेना के अभ्यास के दौरान शुक्रवार को तीन मिसाइल दागी गईं थीं, लेकिन मिस फायर की वजह से तीनों ही मिसाइल आसमान में फटकर फील्ड फायरिंग रेंज के बाहर जा गिरीं। एक मिसाइल का मलबा फील्ड फायरिंग रेंज से बाहर अजासर गांव के पास काछब सिंह के खेत में मिला। वहीं, दूसरी मिसाइल का मलबा सत्याया गांव से दूर सुनसान इलाके में मिला। हालांकि दोनों ही मिसाइल गिरने से कोई जनहानि नहीं हुई, मगर खेत में गड्ढे बन गए। सेना के प्रवक्ता के मुताबिक पीएफएफआर में एक यूनिट के अभ्यास के दौरान यह मिसफायर हुआ। उड़ान के दौरान मिसाइल में विस्फोट हो गया, इसके कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

## सिसोदिया की जमानत पर 31 मार्च को फैसला सुनाएगा कोर्ट



**नई दिल्ली: दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के सीबीआई से जुड़े मामले में मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने 31 मार्च को फैसला सुनाने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान सिसोदिया ने कहा था कि उनके भागने की कोई संभावना नहीं है। वह दिल्ली में रहते हैं, लोकसेवक हैं। सिसोदिया की ओर से पेश वकील दायन कृष्णन ने कहा था कि पत्नी की तबीयत बीते 20 साल से खराब है और देखभाल के लिए कोई नहीं है। उन्होंने सीबीआई की जांच पर सवाल उठाते हुए कहा था कि वह कानून के दायरे में काम नहीं कर रही है। उन्होंने कहा था कि सिसोदिया का मोबाइल फोन जब्त हो चुका है। दूसरे फोन को लेकर हम जवाब दे चुके हैं। सीबीआई को मिली डिवाइस में सीधे तौर पर सिसोदिया के खिलाफ कुछ नहीं मिला है।

## खबर संक्षेप

### रोजेदारों का पहला रोजा, मस्जिदों में तरावीह की नमाजें धुरी शुरू

**कोराव।** रमजान के महीने की शुरूआत 23 मार्च की तरावीह से हुई जो 24 मार्च को रोजेदारों ने सायंकाल सवा छ बजे रोजा अफ्तार से खत्म हुई को अब एक माह तक चलेगा। दिन भर रोजे राख कर रोजेदारों ने नमाज और कुरान की तिलावतें की। रमजान माह के पहले ही दिन जवान बूढ़े,बच्चे जिसमे छ साल तक के भी बच्चे शामिल रहे और रोजे रखे। हर मस्जिदों में ईशा नमाज के बाद तरावीह होती है। यह महीना बरकतों का और ईमान दुरुस्ती एवं जिस्मानी परिवर्तन से कई मर्जों का खात्मा भी हो जाता है। इस माहे रमजानुल मुबारक में खोदावंद करीम अपने इबादत गुजार बंदों की दुआएं कबूल करता है। साहिबे निशाब लोग गरीबों की हर तरह से मदद और खैरात जकात अदा करते हैं।

### सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ रविवार से

**सहसों।** कटका चौराहा अंदावां स्थित मुख्य यजमान विश्वम्भर नाथ पांडेय एवं श्रीमती सरस्वती पांडेय के संयोजन में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ रविवार से हो रहा है। जिसमें दिल्ली से पधारे रस सिद्ध आचार्य दिलीप तिवारी पीयूष जी महाराज के मुखारविंद से कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा 1 अप्रैल शनिवार तक चलेगी तत्पश्चात 2 अप्रैल रविवार को हवन यज्ञ के पश्चात महाप्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी कथा के आयोजक संजय पांडेय एवं राहुल पांडेय ने दिया।

### रिश्वत मांगने का आरोप, शिकायत

**मऊआइमा।** नगर पंचायत मऊआइमा में आए नए मीटर रिडर पर रिश्वत मांगने का आरोप उपभोक्ताओं ने लगाते हुए इस की शिकायत अधिकारियों से की है। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला महतवाना(कोट) निवासियों का आरोप है कि नए आए मीटर रिडर रिडिंग के समय उपभोक्ताओं से रिश्वत मांग रहा है। आरोप है कि न देने वाले उपभोक्ताओं के बिल को लम्बा करने और बढा कर भेजने कि धमकी दे रहा है। स्थापित उपभोक्ताओं ने इसकी शिकायत आला अधिकारियों से की है।

### बहला फुसलाकर किशोरी का किया अपहरण

**मऊआइमा।** बहला फुसलाकर कर दो युवक एक किशोरी को अपहरण कर ले गए। किशोरी की माता ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक महिला का आरोप है कि उसकी सोलह वर्षीय किशोरी को दो युवक बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गए। किशोरी की माता ने मऊआइमा थाने में सोनू पासी पुत्र गामा पासी ,सूरज धोबी पुत्र जिला जीत ग्राम सराय खानदेव के सराय निवासी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# नैनी पुलिस ने अंतर्जनपदीय वाहन चोर गैंग के तीन सदस्यों को किया गिरफ्तार

## दो से लेकर पांच हजार रुपए में बेंच देते थे बाइक

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** कोतवाली की पुलिस टीम को बड़ी सफलता मिली है शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर अंतर्जनपदीय वाहन चोर गैंग के 3 सदस्य को लेप्रसी से डांडी के बीच रेलवे पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया उनकी निशानदेही पर 5 बाइक एक स्कूटी और 8 महंगे मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं पकड़े गए सभी आरोपियों पर नैनी थाने व अन्य थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं पकड़े गए वाहन चोर मैं दीपक मिश्रा पुत्र हरिमोहन मिश्रा निवासी गणपति नगर गंगोत्री नगर डांडी नैनी स्थाई पता पुरवा खास है दुसरा अखिलेश तिवारी पुत्र राम बहादुर तिवारी निवासी एडीए कॉलोनी नैनी स्थाई पता देवरा दीवान का पुरा थाना कौधियारा क्षेत्र है व तीसरा राजकुमार सोनकर उर्फ लुल्ली पुत्र स्वर्गीय महादेव शंकर निवासी काजीपुर



पुलिस की गिरफ्त में अंतर्जनपदीय वाहन चोर गैंग के सदस्य

गांधीनगर नैनी है पकड़े गए वाहन चोर गैंग के सदस्यों से पूछताछ में बताया कि वह क्षेत्र के विवाह घर रेलवे स्टेशन व अन्य स्थानों पर 4 से 5 लोगों की टीम बनाकर रेकी करते थे बाइक खड़ी करने के तुरंत बाद एक व्यक्ति बाइक खड़ी करने वाले के पीछे चला जाता था दूसरा मौका पाकर लॉक तोड़कर या दूसरी चाभी लगाकर उसे लेकर फरार हो जाता था बाकी के लोग बाइक के आसपास मौजूद लोगों को अपनी बातों में फसाए रखते थे वहां चोरी करने के तीन दिन बाद उसके चेचिस नंबर को घिसकर बाइक का हुलिया चेंज करके ग्रामीण क्षेत्र में 2 से 5000 में बेचा करते थे इनके पास से बरामद की गई गाड़ियां और मोबाइल एक हौंडा शाइन एक हौंडा स्प्लेंडर प्रो एक होंडा एक्टिवा एक टीवीएस स्टार सिटी 1 स्टैंडर्ड प्लस 1 फैशन प्रो व वीवो रेडमी व रियल मी कंपनी के 8 महंगे मोबाइल फोन बरामद हुए हैं अंतर्जनपदीय वाहन चोर गैंग के सदस्यों को पकड़ने वालों में नैनी प्रभारी निरीक्षक थाना नैनी बृजेश कुमार सिंह चौकी प्रभारी छिवकी संदीप यादव चौकी प्रभारी एडीए जन्मेजय कुमार चौकी प्रभारी एग्रीकल्चर विपिन कुमार पाल एस आई सुरेंद्र सिंह कांस्टेबल मयंक सिंह हेड कांस्टेबल अनिरुद्ध साहनी कांस्टेबल मुकेश कुमार कांस्टेबल संजय कुमार यादव कांस्टेबल कुश कुमार विजय प्रकाश शामिल है।

# मंदिर के बगल से शराब की दुकान हटाने की मांग, व्यापार मंडल व बजरंग दल ने आबकारी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ के पटहट रोड पर रजिस्टर्ड संकट मोचन मंदिर के बगल में चलाई जा रही शराब की दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा गया। मदिरा की दुकानों को अन्यत्र स्थानांतरित कराने के लिए व्यापार मंडल शंकरगढ़ व विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी और जिला आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मंदिर के नजदीक शराब की दुकान का संचालन करवाए जाने में आबकारी अधिकारी बारा की भूमिका पर भी सवालिया निशान लगाया है। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि इसके पूर्व भी कई दफा शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। बजरंग दल व व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने मंदिर से इन दुकानों की दूरी की माप शिकायतकताओं के सामने कराने का आग्रह किया गया है, जिस पर जिला आबकारी अधिकारी जीतेंद्र कुमार सिंह ने त्वरित नाप कराने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि मंदिर व आबादी के काफी नजदीक शराब की दुकान का संचालन किए जाने को लेकर पिछले माहभर से स्थानीय लोग व व्यापार मंडल के द्वारा शिकायत की जा रही है। बीते दिनों महिलाओं ने भी शराब की दुकान के समक्ष प्रदर्शन किया था, लेकिन स्थानीय अधिकारियों के द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद्र गुप्ता,रतन केसरवानी, सुजीत केसरवानी आदि लोग रहे।

# जियो कंपनी के कर्मचारी ने बंद कमरे में लगाई फांसी मिला सुसाईड नोट

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** सरायइनायत थाना के सहसों पुलिस चौकी अंतर्गत सहसों निवासी राधे श्याम गुप्ता का आवास का सहसों-झूंसी मार्ग पर स्थित है। उनके मकान में प्रतापगढ़ के कन्हई थाना क्षेत्र के अंतर्गत उतरांस गांव निवासी श्रवण कुमार गुप्ता (27) पुत्र सूर्य लाल गुप्ता करीब तीन माह से किराए पर कमरा लेकर रह रहा था। वह रिलायंस जियो कंपनी में फील्ड इंजीनियर के पद पर नौकरी कर रहा था। घटना के बारे में मकान मालिक ने बताया कि वह बुधवार की शाम ड्यूटी से लौटकर और कमरे में चला गया। अंदर से कमरे का दरवाजा बंद कर लेट गया। अगले दिन गुरुवार शाम के समय पानी भरने के लिए उसको आवाज दिया गया। परंतु उसके बाद भी दरवाजा नहीं खुला। शक होने पर सहसों पुलिस को सूचना दिया गया। सहसों पुलिस चौकी इंचार्ज दयाराम हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करते हुए मृतक के परिजनों को सूचना दिया। उसके बाद अंदर से बंद दरवाजा को तोड़कर शव को नीचे उतारा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक दो भाई व एक बहन में सबसे छोटा था। उसकी शादी नहीं हुई थी। पुलिस के अनुसार मौके से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें लिखा गया है कि कंपनी के मैनेजर द्वारा उसका शोषण किया जा रहा है। जिसके कारण वह आत्महत्या कर रहा है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुटी है।

## आम के पेड़ पर लटककर लगाई फांसी हुई मौत

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के सकरा गांव निवासी रामजी भारतीय (36) पुत्र गुनी भारतीय का शव आम के पेड़ में लटकता हुआ मिला। जानकारी मिलने पर शुक्रवार को सुबह पुलिस ने शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार राम जी भारतीया गुरुवार शाम 7 बजे आम के पेड़ में नायलॉन की रस्सी के सहारे लटक गया और उसकी मौत हो गई। उसके दो बेटे और दो बेटी हैं। वह गांव-गांव फेरी लगाने का काम करता था जिससे उसकी परिवार समेत जीविकोपार्जन चलता था। फांसी लगाने कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ थाना क्षेत्र के तारडीह गांव में बिहारी लाल प्रजापति की बेटी सिमरन (18) बुधवार की शाम घर के सामने कुएं से पानी भर रही थी कि वह अनियंत्रित होकर कुंए में गिर गई। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर उपचार हेतु पास के ही चिकित्सक के पास पहुंचे? जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। सिमरन हाई स्कूल की छात्रा थी और वह परीक्षा में शामिल भी हुई थी।

# आयुक्त ग्राम्य विकास ने सोशल आडिट बैठक में सुनी मजदूरों की समस्या

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** गांव में हुए विकास कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे व गांवों में अब तक क्या विकास कार्य कराए गए इसकी जानकारी ग्रामीणों को हो सके इसके लिए सरकार द्वारा ग्राम सभा सोशल आडिट की बैठक के द्वारा जागरूक किया जाता है। शुक्रवार को फूलपुर विकास खण्ड के हंसराजपुर, हरभानपुर व फिरोजपुर उर्फ शेषपुर गांव में सोशल आडिट की बैठक में उपस्थित मजदूरों को सम्बोधित करते हुए आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश प्रवीण कुमार राय ने कही। उन्होंने मजदूरों से कहा कि गांव में काम के बदले दाम मिलने वाली योजना मनरेगा से जहां गांव का विकास होता है वहीं परिवार को 100 दिन का रोजगार भी मिलता है। सोशल आडिट बैठक को सम्बोधित करते हुए खण्ड




सोशल आडिट में मनरेगा मजदूरों से रूबरू होते ग्राम्य विकास आयुक्त प्रवीण कुमार

विकास अधिकारी फूलपुर एचपी वर्मा ने गांव के लोगों से मनरेगा में अधिक से अधिक संख्या में काम करने की बात कही। इस मौके पर जिला कोआर्डिनेटर अनुज सिंह,ब्लाक कोआर्डिनेटर संगीता पाल, अमरजीत,नीरज अकेला,सुधा मौर्य,ऊषा मौर्य, शमशेर सिंह, राम कैलाश, ग्राम प्रधान प्रभावती देवी, ग्राम पंचायत अधिकारी शशि यादव, तकनीकी सहायक नन्दगोपाल, बृजेश कुमार, रोजगार सेवक कल्पना, मनोज कुमार रजक सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक : इंद्र कुमार शास्त्री

## नारीबारी के कपड़ौरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ी भारी भीड़





अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की।उनके बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। उक्त बातें आचार्य इंद्र कुमार शास्त्री ने जागेश्वर नाथ मंदिर कपडौरा नारीबारी मे आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कही आचार्य ने कृष्ण जन्म के पश्चात कृष्ण के बाल लीला व माखन चोरी,रास लीला,कालिया नाग को नाथने आदि की कथा को विस्तार से सुनाते हुए कहा कि जो दूसरे को यश प्रदान करे वही यशोदा है। जो सब को आनंद दे वही नंद है। आचार्य इंद्र कुमार शास्त्री ने कहा भगवान केवल प्रेम के भूखे है। यदि सब कुछ दान करने में यदि प्रेम समाहित नही है तो उस दान का महत्व नही है। मुख्य यजमान महाराज पुरवा के समाजसेवी अर्कनाथ ठाकुर रहे। सांसद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी के प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय ने आरती में सम्मिलित होकर कथा को सुना। कथा में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ,राजस्थान एवं दिल्ली सहित विभिन्न क्षेत्रों से मैथिल ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध जनो ने भाग लिया। पूजन वेदी में कामेश्वर मिश्र, महेन्द्र मिश्र आचार्य रहे। आयोजन में दिवानाथ, अमित, आलोक ,आनंद , प्रमोद बाबू झा,संदीप, विनय वेदाचार्य सहित व्यवस्था समिति के सदस्यो की उल्लेखनीय भूमिका रही।विजय कुमार मिश्र, वल्लरी मिश्र भोपाल,संदीप मिश्र, मंजू मिश्र पाटन(छग)अनूप झा,प्रीति झा, किरन ठाकुर, सुभाष ठाकुर कातुर्ली महाराष्ट्र, संतोष झा रेनू झा, रायपुर(छग) निर्मल मिश्र पूर्व क्रीडा अधिकारी पन्ना,मप्र, शरद झा आशा झा दुर्ग, शशिकांत ठाकुर, जबलपुर वरिष्ठ शिछाविद सिद्धिनाथ झा मुगारी,सुरेश झा, विभा झा, मिझून, आलोक ठाकुर राजस्थान के अलावा विजय शंकर शुक्ल,जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी आदि.के साथ आसपास गांवो के भारी संख्या में भक्तगण भागवकथा श्रवण हेतु उपस्थित रहे।




## भाजपा बूथ सशक्तिकरण अभियान में जसरा मंडल जिले में अव्वल, जिला मंत्री ने कार्यकताओं का किया अभिनंदन

**जसरा।** शुक्रवार को पंचायत भवन जसरा में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें भाजपा जिला मंत्री यमुनापार कमलेश त्रिपाठी ने जिले में पहला स्थान प्राप्त करने पर जसरा मंडल के कार्यकताओं का अभिनंदन किया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि जसरा मंडल के कार्यकताओं ने दिखा दिया कि वह किसी मायने में अपने मंडल को पीछे नहीं रखना चाहते। कार्यक्रम में मौजूद जिला मंत्री बूथ सशक्तिकरण अभियान के मंडल प्रवासी जसरा प्रकाश शुक्ला प्रचंड ने भी मंडल अध्यक्ष सहित पूरी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला व संचालन महामंत्री भूपेंद्र पाठक ने की। कार्यक्रम में अंत में जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती के निर्देश पर जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने जिले में अव्वल आने पर मंडल अध्यक्ष सहित सभी कार्यकताओं का मुंह मीठा कराया और बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान जसरा आशीष सोनकर, अवध बिहारी मिश्रा,आलोक द्विवेदी, अश्वनी द्विवेदी, अमरजीत पटेल, प्रवीण मालवीय, अभिषेक शुक्ला, अशोक तिवारी, अरुण मालवीय, वीरेंद्र पाठक, रवि साहू, अर्जुन विश्वकर्मा, राम सागर द्विवेदी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### पेटीएम ने डिजिटल भुगतान के बारे में व्यापारियों के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया




**जारी।** भारत सरकार द्वारा आयोजित डिजिटल इंडिया जागरूकता अभियान के तहत ग्राम पंचायत जारी विकासखंड जसरा में दिन शुक्रवार को कैंप के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को कैशलेस ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देना पेटीएम के माध्यम से डिजिटल पेमेंट आसानी से आदान-प्रदान कर सकते हैं घर बैठे आप बिजली बिल या मोबाइल रिचार्ज हर तरह की सुविधा आप आसानी से ले सकते हैं ।अगर कोई असुविधा होती है इसके लिए टोल फ्री नंबर भी दिए गए हैं। अतिरिक्त जानकारी आप घर बैठे ले सकते हैं। रितेश जयसवाल सिटी हेड ने कहा, की ऑनलाइन ट्रांजैक्शन यूपीआई कैशलेस है। पेटीएम का उपयोग करने की सुविधा के बारे में आम आदमी को शिक्षित करने के लिए ग्राहकों से लेनदेन के अलर्ट पाने के लिए अपने मोबाइल नंबर और ईमेल को बैंक में दर्ज कराएं तथा बैंक से जुड़े पिनकोड और जरूरी जानकारी को अपने मोबाइल में ईमेल में और बटुए में ना रखें सतर्क रहें। नियमित रूप से अपने एटीएम पिन को और बैंक से जुड़े पासवर्ड को बदलते रहे ।अगर डेबिट क्रेडिट कार्ड चोरी हो जाए तो उसे बिना किसी देरी करें ब्लॉक कराएं डिजिटल पेमेंट अपनाओ औरों को भी सिखाओ पेटीएम ने कहा कि यह डिजिटल भुगतान के लाभों के बारे में ग्राहकों को सूचित करने और पूरे भारत में व्यापारियों के व्यापक समूह तक पहुंचने के दोहरे उद्देश्य को पूरा करने के लिए है। इस दौरान ग्राम पंचायत जारी रेनू बिहारी जयसवाल को पुष्पगुच्छ देकर उनके दिशानिर्देशों में कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम का आयोजन पेटीएम द्वारा आयोजित किया गया है। इस अवसर पर रितेश जायसवाल सिटी हेड, विवेक सिंह एरिया मैनेजर ,रवि मौर्या टीम लीडर, व जितेंद्र बहादुर ने कैंप के माध्यम से व्यापारियों को जागरूक किया।

### होली मिलन समारोह में अंतः वासियों ने लगाए ठुमके




**सहसों।** आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के इस पावन त्यौहार होली के बाद होली मिलन समारोहों के आयोजन के दौरान अंदावां स्थित रुद्रा संगम में आयोजित होलीमिलन समारोह में अंतःवासियो ने एक दूसरे को अबीर, गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान अंतहवासी महिलाओं ने भोजपुरी, अवधी, फिल्मी गीतों पर जम कर ठुमके लगाए। इस अवसर पर आयोजक संतोष सिंह ने अंतःवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अब होली का रंग विश्वपटल पर छाने लगा है। जो भारतीय संस्कृति के लिए शुभ संकेत है। इस मौके पर प्रमुख रूप से संतोष सिंह, संजय पांडेय, सोसाइटी के महामंत्री संतोष द्विवेदी, संजीव सिंह, रवि सिंह, राजेश दूबे, संजय श्रीवास्तव, एपी यादव, अनिल गुप्ता, सुनीता सिंह, चंचल सिंह,अंजू श्रीवास्तव, पूर्णिमा दूबे, आरती सिंह, सहित दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# एसडीएम के रोक के बावजूद तालाब को मिट्टी से पाटकर भूमाफिया कर रहे कब्जा

## जेसीबी से कब्रिस्तान की बाउंड्री भी गिराई, ग्रामीणों एवं कस्बावासियों में आक्रोश

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** उपजिलाधिकारी के रोक के बावजूद मऊआइमा ग्राम सभा का ऐतिहासिक मिठवा तालाब पर रात्रि के समय जीसीबी लगा कर कथित भू माफिया सत्ता पक्ष के नेताओं के इशारे पर मिटटियों का अवैध खनन कर तालाब का आस्तित्व समाप्त करने पर तुले हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों एंव कस्बावासियों में आक्रोश व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा नगर पंचायत के सीमा से सटे ग्रामसभा मऊआइमा में आने वाले ऐतिहासिक मिठवा तालाब पर सत्ता पक्ष के नेताओं के इशारे पर दिन रात्रि मिटटियां डाल कर कब्जा कर-के प्लाटिंग किया जा रहा है।

बताते हैं कि रात्रि के समय





मिटटियों का अवैध खनन कर तालाब का अस्तित्व मिटाया जा रहा है। बताया गया है कि मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र का रोजमर्रा इस्तेमाल होने का पानी के अलावा बर्षा का पानी भी इसी तालाब में जाता है। जिस प्रकार दिन रात्रि मिटटियां डाल कर पाटा जा रहा है। आने वाले समय में नगर पंचायत के पूरे मियां जी मोहल्ले में बाढ आना पक्का है। सबसे गंभीर आरोप है कि भू माफिया तालाब के बगल कब्रिस्तान की बाउंड्री भी जीसीबी ने ध्वस्त कर दिया और कब्रों पर मिटटी डाल कर कब्रिस्तान का भी नाम निशान मिटाने पर तुले हुए हैं । लोगों का आरोप है कि कब्रिस्तान की जमीन पर विद्युत विभाग ने ट्रासंफार्मर लगा दिया है। जिसकी भू माफियाओं ने बाउंड्री भी ध्वस्त दी है। बताते चलें कि कई बार एस डी एम, डाक्टर कंचन और राजस्व विभाग की टीमें मौके पर पहुंच कर तालाब पाटने पर सख्ती से मना भी किया था। तथा बिना पैमाइश के किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पर रोक लगाई थी। इसके बावजूद सत्ता पक्ष के नेताओं के इशारे पर भू माफियाओं ने चोरी छिपे रात्रि में अवैध खनन के जरिए दर्जनों ट्रैक्टर तालाब में मिट्टी डालने पर तुले हुए हैं और प्लाटिंग करके बेच रहे हैं। ग्राम प्रधान राम तिरथ ने बताया कि लगभग दो बीघा तालाब की आराजी है। एक बीघा ग्राम समाज एंव कुछ लोगों की भूमिधरी भी है। ग्राम प्रधान का आरोप है कि वह निरंतर रोक के लिए अधिकारियों का चक्कर लगा रहे हैं परन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही है। प्रधान के अनुसार यही नहीं जिन लोगों को पटटा दिया गया था। वह जालसाजी करके भूमिधर करवा के बेच रहे हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने तालाबों को पाटने पर सख्ती से रोक लगा रखी है ।आरोप है कि राजस्व विभाग भी आंख बंद किए हुए है। हालांकि एस डी एम ने मौका मुआयना करते हुए कहा था कि पैमाइश करके सब कुछ अलग कर दिया जाएगा। परन्तु एक महीना का समय बीत गया परन्तु आज तक पैमाइश भी नहीं कि गयी। जिससे भू माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। इस बाबत एस डी एम सोरांव डाक्टर कंचन से कई बार बात करने की कोशिश की गई परन्तु उनका फोन नहीं उठा।

## खबर संक्षेप

### नवरात्रि एवं रामनवमी पर सरकारी आयोजन कराने की अधिसूचना को हाईकोर्ट में चुनौती

**प्रयागराज।** यूपी में योगी सरकार द्वारा नवरात्रि और रामनवमी पर सरकारी स्तर पर आयोजन कराने के लिए जारी 10 मार्च की अधिसूचना को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। सरकारी स्तर पर आयोजन कराए जाने और जिलों को एक-एक लाख रुपए दिए जाने का मामला हाईकोर्ट पहुंचा है। जनहित याचिका में नोटिफिकेशन को रद्द किए जाने और इसे जारी करने वाले प्रमुख सचिव के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।हाईकोर्ट इस जनहित याचिका पर 28 मार्च को सुनवाई करेगी। आजमगढ़ के सामाजिक कार्यकर्ता राजीव यादव ने जनहित याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता के वकील ने इस पीआईएल को आज एक्टिंग चीफ जस्टिस प्रीतिकर दिवाकर की कोर्ट में सुनवाई करने के लिए मेंशन किया। परंतु कोर्ट ने कहा कि वह इस याचिका पर 28 मार्च को सुनवाई करेगी।

# हाईकोर्ट ने हड़ताली कर्मचारी नेताओं के एक महीने के वेतन, पेंशन भुगतान पर लगाई रोक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विद्युत कर्मचारियों की हड़ताल को गैरकानूनी, असांविधानिक बताते हुए हड़ताली कर्मचारी नेताओं की एक महीने की सैलरी और पेंशन के भुगतान पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने चेतावनी दी है कि इस तरह का कृत्य दोबारा होता है तो वह कानूनों के अनुसार कड़ी कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा। कोर्ट ने यह भी कहा है कि आमजन की सुविधाओं में हड़ताल बाधा नहीं हो सकती है और अस्पतालों, बैंकों सहित जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों के कामकाज बाधित नहीं किया जा सकता है।हालांकि, कोर्ट ने कर्मचारी नेताओं और सरकार के बीच होने वाली वार्ता पर किसी तरह का हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया है। कहा कि दोनों के बीच वार्ता का मार्ग खुला रहेगा। कोर्ट अब इस मामले में 24 अप्रैल को सुनवाई करेगा। यह आदेश न्यायमूर्ति कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर और न्यायमूर्ति एसडी सिंह की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान ली गई जनहित याचिका में विभु राय की ओर से दाखिल अर्जी



पर सुनवाई करते हुए दिया है।

**भविष्य में हड़ताल न करने का नहीं दिया आश्वासन :** कोर्ट ने कहा है कि बार-बार कहने के बावजूद कर्मचारी नेता यह आश्वासन देने में विफल रहे कि वह भविष्य में हड़ताल नहीं करेंगे, जिससे कि आम लोगों के सामने परेशानी खड़ी हो जाए। लोगों के उपचार प्रभावित हों। इसको देखते हुए चेतावनी स्वरूप उनकी एक महीने का वेतन या पेंशन रोकी जा रही है। हालांकि, कोर्ट ने केवल उन्हीं कर्मचारी नेताओं की सैलरी, पेंशन रोकने का आदेश दिया है, जिनको नोटिस जारी हुआ है। साथ ही यह भी कहा है कि रोका गया वेतन या पेंशन अभी जब्त नहीं की जाएगी। वह कोर्ट के आगे की सुनवाई के बाद जारी होने वाले आदेश पर निर्भर होगा।

**हड़ताल पर जाने का मौलिक अधिकार हक नहीं :** कोर्ट ने अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल द्वारा अनुमानित क्षति के ब्योरे का हवाला भी अपने आदेश में दिया है। कहा है कि पावर कॉर्पोरेशन के अनुमान के मुताबिक उत्पादन, पारेषण और वितरण में दो हजार करोड़, उपभोक्ताओं को पांच हजार करोड़ रुपये का नुकसान और व्यापारिक प्रतिष्ठानों, अस्पतालों, उद्योगों, बैंकों, स्कूलों, रेलवे सहित विभिन्न संस्थानों को तकरीबन 30 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इस मामले में 129 प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं। कोर्ट ने कहा है कि किसी को भी हड़ताल पर जाने का मौलिक अधिकार नहीं है।

विद्युत कर्मचारी 16 मार्च को नोटिस देने के बाद लगातार तीन दिनों तक 65 घंटे तक हड़ताल पर थे। इससे उत्तर प्रदेश में विद्युत व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित रही। कोर्ट ने अर्जी मिलने के बाद कर्मचारी नेताओं को वारंट जारी कर तलब कर लिया था। साथ ही इस मामले में 20 मार्च को सुनवाई कर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। कोर्ट ने कहा था कि बिजली आपूर्ति एक आवश्यक सेवा है। आपूर्ति में व्यवधान पहुंचाना एक गंभीर मामला है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।



### ब्लॉक प्रमुख मनीष मिश्रा समेत दो की अनुसूचित जाति की महिला से दुष्कर्म मामले में जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डीघ के ब्लॉक प्रमुख मनीष मिश्रा व सुरेश केशरवानी की अनुसूचित जाति की महिला से दुष्कर्म मामले में सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। व्यक्तिगत मुचलके व दो प्रतिभूति लेकर रिहा करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति आरएमएन मिश्र ने सत्र अदालत भदोही के जमानत अर्जी निरस्त करने के फैसले के खिलाफ सुरेश केशरवानी व मनीष मिश्रा की अपील को स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने सत्र अदालत के आदेश को रद्द कर दिया है।गांव रघुपुर, सैदाबाद, हंडिया की निवासी 30 वर्षीय विवाहिता पीड़िता मार्च 2019 में जीटी रोड पर काम की तलाश में खड़ी थी। आरोपियों ने उसे गेहूं काटने के काम के लिए कार में लिफ्ट दी और नवधन गांव के मकान में ले गए और दुष्कर्म किया। धमकी दी। कहा काम दिलायेंगे। ऐसा कई बार बुलाकर किया गया। नौ नवंबर 2021 को सुरेश केशरवानी ने फोन कर बुलाया डीघ ब्लाक के कमरे में दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर वायरल करने की व किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दीपीड़िता ने 10 नवंबर 2021 को एसपी भदोही को पत्र लिखा और सात दिसंबर 2021 को एफआईआर दर्ज की गई। दोनों आरोपी क्रमशः नौ दिसंबर 2021 व सात दिसंबर 2021 से जेल में बंद हैं। मनीष मिश्रा का कहना था कि वह सात बार से ब्लॉक प्रमुख हैं। राजनैतिक कारण से 2022 विधान सभा चुनाव से पहले फंसाया गया है। दो साल नौ महीने बाद एफआईआर दर्ज कराई गई है और पीड़िता अपना बयान लगातार बदल रही है। इसलिए जमानत पर रिहा किया जाए। सरकार की तरफ से कहा गया कि याची की 2021 केस की हिस्ट्रीशीट है। इसलिए जमानत पाने का हकदार नहीं हैं। कोर्ट ने कई शर्तों के साथ जमानत मंजूर कर ली है।

## नवीनीकरण न होने पर निरस्त होगा अस्पताल का पंजीकरण



**प्रयागराज।** जनपद के निजी अस्पताल व क्लीनिक संचालकों को सीएमओ डॉ. आशु पांडेय की ओर से नोटिस जारी किया गया है। इसमें यह कहा गया है कि 50 बेड या उससे कम बेड वाले निजी अस्पताल संचालक अपने अस्पताल या क्लीनिक के पंजीकरण का नवीनीकरण करा लें अन्यथा अस्पताल का पंजीयन निरस्त कर दिया जाएगा। 30 अप्रैल तक का समय निर्धारित किया गया है। सीएमओ ने बताया कि 30 अप्रैल को रात 12 बजे के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा और पंजीकरण को निरस्त कर दिया जाएगा। इसके बाद पंजीकरण के नवीनीकरण की कोई समय सीमा भी नहीं बढ़ाई जाएगी। यह आदेश सभी चिकित्सा पद्धति के अस्पतालों, लैब, एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड सेंटरों के लिए है। सीएमओ ने बताया है कि नवीनीकरण आवेदन स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित पूर्व की वेबसाइट पर ही किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन हो जाने के बाद सभी आवश्यक अभिलेख (संचालक/प्रबंधक का शपथ पत्र, बायोमेडिकल वेस्ट, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा अग्नि शमन का अनापत्ति प्रमाण पत्र) की हार्ड कॉपी सीएमओ आफिस के पंजीकरण इकाई में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इन सभी अभिलेखों की वैधता 30 अप्रैल 2024 तक होनी चाहिए।

# मंत्री, जल शक्ति विभाग प्रभारी मंत्री प्रयागराज केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों योजनाओं कानून व्यवस्था की समीक्षा की

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** मंत्री, जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)/प्रभारी मंत्री प्रयागराज स्वतंत्र देव सिंह जी ने शुक्रवार को सर्किट हाउस के सभागार में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों/योजनाओं/कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। मंत्री जी ने पीडब्लूडी विभाग द्वारा सड़कों के चैड़ीकरण, ग्रामीण मार्गों तथा सड़कों के गड्ढ़ा मुक्ति की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रामीण मार्गों के सड़कों का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। गड्ढ़ा मुक्ति से जो सड़कें शेष रह गयी है, उन्हें जल्द से जल्द गड्ढ़ा मुक्त कराये जाने के निर्देश दिए है, इसमें लापरवाही पाये जाने पर सम्बंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मंत्री जी ने कहा कि जनप्रतिनिधिगणों के द्वारा जहां कहीं पर सड़कों के गड्ढ़ा या खराब होने के बारे में जानकारी दी जाये, उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द सड़कों को दुरुस्त करायें। मंत्री जी ने कहा कि जनपद में कराये जा रहे सड़कों के निर्माण कार्य, चैड़ीकरण के कार्य को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से समय से पूरा कराया जाये। सेतु निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने जनपद में बन रहे सेतुओं एवं ओवरब्रिजों बेगम बाजार, बक्शी बांध, टौंस नदी,



सूबेदारगंज सहित आदि स्थानों पर बनाये जा रहे ओवरब्रिजों के कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि कार्य में जो भी रुकावटें है, उनको शीघ्रता के साथ दूर कराते हुए कार्य को जल्द से जल्द पूरा करायें। मंत्री जी ने यूपीपीसीएल, यूपीसिडकों, यूपीआरएनएन कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा कराये जा रहे 50 लाख रुपए से अधिक लागत वाली निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए यूपीपीसीएल के द्वारा कराये जा रहे 25 कार्यों में सिर्फ 05 कार्यों के पूर्ण होने की स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कार्य में तेजी लाते हुए कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि जितनी भी कार्यदायी संस्थायें है उनके साथ बैठक कर निर्माण कार्यों में बजट या अन्य कोई समस्यायें आ रही है, उसकी जानकारी लेकर उससे हमें अवगत करायें। उन्होंने कहा कि बजट के अभाव में कोई भी निर्माण कार्य प्रभावित नहीं होना चाहिए। गंगा प्रदूषण नियंत्रण ईकाई की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने कहा कि जो भी नाले अभी तक अनटैप्ड है, उन्हें जल्द से जल्द टैप्ड कर यह सुनिश्चित किया जाये कि एक बूंद भी गंदा पानी नदियों में न प्रवाहित हो। मंत्री जी ने जल जीवन मिशन के कार्यों की फेज वाइज समीक्षा करते हुए कार्यों को तेजी के साथ पूरा कराये जाने के निर्देश दिए है। बिजली विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर तारों को चिन्हित कर बदलने का निर्देश दिया है, जिससे किसी प्रकार की कोई घटना न घटित हो। उन्होंने खराब ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समय के अंदर बदलने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को गलत बिजली का बिल न मिले, यह सुनिश्चित किया जाये। कहीं से गलत बिल की शिकायत प्राप्त होती है, तो कड़ी कार्रवाई की जायेगी। निराश्रित गोवंश की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाये कि कहीं पर निराश्रित गोवंश सड़कों पर विचरण करते हुए न मिले। उन्होंने गोवंशों को आश्रय स्थलों में रखने के लिए कहा है, जिससे कि किसानों व सड़क पर आने-जाने वाले लोगो को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने गो आश्रय स्थलों पर हरे चारे की व्यवस्था के साथ पर्याप्त मात्रा में भूसा, पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए है। साथ ही कहा कि अधिकारी नियमित रूप से गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर वहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। मंत्री जी ने गर्मी के मौसम को देखते हुए गो आश्रय स्थलों पर छाया की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के लिए कहा है। वृक्षारोपण की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने कहा कि पर्याप्त संख्या में वृक्षो को रोपित कराये जाने के लिए कहा है। इसके साथ ही उन्होंने रोपित किए गए वृक्षों की देखभाल भी करने के लिए कहा है। उन्होंने जनपद के सुदूर क्षेत्रों में छोटे-छोटे जंगलों को तैयार करने के लिए कहा है। मंत्री जी ने बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, चिकित्सालयों में दवाओं की उपलब्धता, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अमृत सरोवर, बेसिक शिक्षा, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण, महाकुम्भ-2025 की तैयारियों व कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की। कहा कि सभी अधिकारीगण कठोर परिश्रम के साथ कार्य करें तथा अपने कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करें, जिससे कार्य में तेजी आयेंगी व ठीक ढंग से कार्यों को सम्पादित किया जा सकेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह, विधायक फाफामऊ गुरू प्रसाद मौर्या, विधायक कोरांव राजमणि कोल, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, विधान परिषद सदस्य के0पी0 श्रीवास्तव, सुरेन्द्र चौधरी एवं निर्मला पासवान, भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी, गंगापार अध्य अश्विनी दूबे, यमुनापार अध्यक्ष विभवनाथ भारती सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई की कानूनी एवं राजनीतिक लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता खत्म करने के विरोध में कांग्रेस बड़े आंदोलन की तैयारी में है। राज्यसभा में विपक्ष का उप नेता बनाए जाने के बाद शुक्रवार को पहली बार प्रयागराज आए प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। इसके खिलाफ कानूनी और राजनीतिक दोनों लड़ाई लड़ी जाएगी।प्रमोद तिवारी ने राहुल गांधी की तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से की। उनका कहना था कि इंदिरा गांधी की भी सदस्यता खत्म हुई थी और उसके बाद वह फिर से प्रधानमंत्री बनीं थीं। कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी न्यायालय का पूरा सम्मान करती है। यह पूरा प्रकरण भाजपा के षडयंत्र की देन है। बढ़ते जनाधार से घबड़ाई भाजपा राहुल गांधी को संसद में बोलने से रोकना चाहती है।उन्होंने अडानी के मुद्दे पर जेपीसी की मांग फिर दोहराई। कहा कि जब तक यह मांग मान नहीं ली जाती आंदोलन जारी रहेगा। प्रमोद तिवारी ने आठ वर्ष में ही वाराणसी का विकास होने के प्रधानमंत्री के बयान पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि किसी के लिए भी इतना घमंड ठीक नहीं है। कांग्रेस नेता ने महंगाई, बेरोजगारी आदि मुद्दे को लेकर भी भाजपा को घेरा।

**सीडब्ल्यूसी की बैठक में ऑनलाइन हुए शामिल :** राहुल गांधी के मुद्दे पर आगे की रणनीति को लेकर कांग्रेस वर्किंग कमेटी की शुक्रवार शाम को बैठक हुई। प्रमोद तिवारी उस बैठक में प्रयागराज से ही ऑनलाइन जुड़े।

**नहीं कराया स्वागत :** राज्यसभा में विपक्ष का उप नेता बनाए जाने के बाद प्रमोद तिवारी शुक्रवार को पहली बार प्रयागराज आए। ऐसे में कांग्रेस कार्यकताओं की ओर से उनके स्वागत की तैयारी की गई थी लेकिन राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता खत्म किए जाने के विरोध में उन्होंने माला तक नहीं पहना। प्रमोद तिवारी ने कार्यकताओं से स्वागत करने से रोक दिया। हालांकि, बमरौली से लेकर उनके आवास तक बड़ी संख्या में स्थानीय नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें प्रमुख रुप से शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन, गंगापार के अध्यक्ष सुरेश यादव, यमुनापार के अध्यक्ष अरुण तिवारी, मुकुंद तिवारी, संजय तिवारी, हसीब अहमद, हरिकेश त्रिपाठी, फुजैल हाशमी आदि शामिल रहे।

**एनएसयूआई कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन :** राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता खत्म किए जाने के विरोध में एनएसयूआई कार्यकताओं ने शुक्रवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

### रन फॉर डा. अम्बेडकर दौड़ 02 अप्रैल को

**प्रयागराज।** प्रबुद्ध फाउंडेशन और देवपती मेमोरियल ट्रस्ट, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में डा. बाबासाहेब भीमराव रामजी अम्बेडकर ( जन्म 14 अप्रैल 1891) की 132 वें जन्मदिवस के सम्मान में अप्रैल माह के प्रथम रविवार 02 अप्रैल 2023 को प्रातः 07 बजे से हाईकोर्ट स्थित ड़ा. अम्बेडकर मूर्ति स्थल से सिविल लाइन स्थित पत्थर चर्च गिरजाघर, सुभाष चौराहा, पीडी टण्डन पार्क, प्रयाग संगीत समिति चौराहा, हार्ट स्टफ चौराहा, गर्ल्स हाईस्कूल चौराहा, प्रधान डाक घर चौराहा होते हुये अपने उद्गम स्थल तक रन फार डा. अम्बेडकर दौड़" आयोजित कराने के लिये एक आवश्यक बैठक अलोपीबाग स्थित प्रबुद्ध फाउंडेशन के कार्यालय पर की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रन फार डा. अम्बेडकर दौड़ में प्रथम पांच रनअप (तीन पुरुष दो महिला) धावकों को क्रमशः पांच, चार, तीन, दो और एक हजार रुपये की नगद राशि मय सम्मान पत्र तथा प्रत्येक प्रतिभागी धावक को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया जायेगा।




### जूनियर चैंबर इंटरनेशनल संस्था की तरफ से नारी सशक्तिकरण पर कार्यक्रम आयोजन किया गया

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में जूनियर चैंबर इंटरनेशनल संस्था की तरफ से नारी सशक्तिकरण पर एक कार्यक्रम नगरपंचायत सिरसा में आयोजित किया गया मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत सिरसा के अध्यक्ष श्याम कृष्ण यादव जी और विशिष्ट अतिथि चौकी इंचार्ज सिरसा जगदीश कुमार जी उपस्थित रहे कार्यक्रम के आयोजक सीताराम गुप्ता जी रहे संस्था की सदस्य पूजा गुप्ता ने उपस्थित लोगो को बताया कि हम सभी को महिलाओं का सम्मान करना चाहिए हमारी संस्था द्वारा कई योजनाएं संचालित की जाती है जैसे गरीब बच्चो की पढ़ाई, वृद्धा आश्रम,स्वास्थ्य कैंप, अनाथ आश्रम इत्यादि भविष्य में इन योजनाओं को मेजा क्षेत्र में भी संचालित करने का प्रयास किया जायेगा। मुख्य अतिथि जी ने बताया की लोगो को जगाने के लिए महिलाओं को जगाना जरूरी है क्योंकि बच्चो की प्रथम गुरु मां ही होती है आज हमारे देश में महिलाएं ट्रेन से हवाई जहाज तक चला रही है चौकी इंचार्ज जी ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा की महिलाओं को सम्मान हमेशा देने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि महिलाएं हमेशा ही घर और समाज दोनो को सही मार्ग पर ले जाती हैं कार्यक्रम में काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग महिलाएं उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### बुढ़ी माता मंदिर में लगी रही भक्तो की कतार



**झूंसी।** नवरात्र महोत्सव के तीसरे दिन माँ दुर्गा के चन्द्रघण्टा स्वरूप की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। कोटवा स्थित मां अन्नपूर्णा बुढ़ी मइया मंदिर को आकर्षक झालरों से सजाया गया। माँ चंद्रघंटा का बहुरंगी फूलो से सिंगार कर धूप दीप नैवेद्य चढ़ा कर आरती उतारी गई। आरती में भक्तो की भारी भीड़ रही। माँ के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूँजमान रहा। आरती में शामिल भक्तो ने मा के दर्शन के बाद प्रसाद प्राप्त कर अपने अपने घरों को गए। दिन में पं धर्मेद्र शुक्ल द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी के साथ हर्षित सिंह, अभिषेक मिश्रा, मोती लाल, ओम, शमशेर बहादुर, पंकज यादव, देव, शांतनु, अखिल, देवराज, सुमित आदि व्यवस्था में लगे रहे।

### राजरूपपुर के बाल सुधार गृह में हैं अतीक के दोनों बच्चे, पुलिस ने सीजेएम कोर्ट में दाखिल की रिपोर्ट




**प्रयागराज।** कोर्ट की सख्ती के बाद धूमनगंज पुलिस ने शुक्रवार को अतीक के दोनों नाबालिग बच्चों के संबंध में रिपोर्ट पेश की। धूमनगंज पुलिस की ओर से सीजेएम कोर्ट में पेश किए गए रिपोर्ट में बताया गया है कि अतीक अहमद के दोनों नाबालिग बच्चे राजरूपपुर बाल सुधार गृह में हैं। बता दें कि इसके पहले पुलिस ने कई बार बंद लिफाफे में रिपोर्ट पेश की थी, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की थी। इसके पूर्व हुई सुनवाई में कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए धूमनगंज की बंद लिफाफे में दी गई रिपोर्ट को वापस कर दिया था।

### सफाईकर्मी के घर मंत्री का सहभोज कार्यक्रम



**प्रयागराज।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने मलिन बस्ती फतेहपुर बिछुवा में सफाईकर्मी समीर के घर भोजन भी किया। यहां उन्होंने मलिन बस्ती का भ्रमण भी किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं स्वयं सहायता समूहों के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र दिया। यहां लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। इसके पहले उन्होंने सर्किट हाउस में सभी विभागों की समीक्षा बैठक भी। यहां 69 हजार शिक्षक भर्ती के लिए अभ्यर्थियों ने मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा।

### पुआल में आग लगने से ग्रामीणों में हड़कंप

**रत्योरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के बढ़वारी कला गांव में 3 बजे के आसपास घरों के बगल में रखी पुआल में अचानक आग लग जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। पुआल में आग की लपटें देख ग्रामीण हतप्रभ रह गए।पुआल में आग लगने की सूचना पर थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह भी दल बल के साथ पहुंच गए। जब तक पुलिस पहुंची तब तक ग्रामीणों ने पुआल में लगी आग पर काबू पा लिया था। अगल बगल स्थित मकानो को ग्रामीणों ने बचा लिया। पुआल के बगल खेतों में भी आग नहीं फैलने पाई जिससे फसलों को भी कोई नुकसान नहीं हुआ है। पुआल में आग लगने से काफी देर तक ग्रामीणों में अफरा-तफरी मची रही। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

## ग्रामीणों की मांग पर बीडीओ राजस्व टीम के साथ गए थे सीमांकन करने

**रत्योरा।** विकास कोरांव के कुकुरहटा ग्राम पंचायत में गौशाला निर्माण के लिए उपयुक्त जमीन नहीं मिली। जिससे अब गौशाला निर्माण कार्य अधर में लटक सकता है। ज्ञातव्य हो कि भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री अतुल सिंह ने जिलाधिकारी से गांव में गौशाला बनवाए जाने की मांग की थी। जिस पर डीएम व सीडीओ ने खंड विकास अधिकारी को गौशाला निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए थे। मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर बीडीओ मुकेश कुमार ने राजस्व टीम के साथ गांव में गौशाला निर्माण के लिए जमीन चिन्हित करने पहुंचे तो जिस जमीन को ग्रामीणों ने बताया वह जमीन तालाब के किनारे होने के कारण गौशाला निर्माण कार्य के लिए उपयुक्त नहीं रही। खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि जिस जमीन को ग्रामीणों ने बताया वह तालाब के बगल में है। काफी नीचली होने के कारण जलभराव की समस्या हो जाएगी। जिसके कारण गौशाला निर्माण कार्य नहीं कराया जा सकता है। जमीन चिन्हित करने बीडीओ के साथ उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर शालिकराम समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### शांतिपुरम में मनाया गया होली मिलन समारोह

**सोरांव।** प्रयागराज के शांतिपुरम दी अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा द्वारा संचालित विश्वकर्मा आर्मी के द्वारा में होली मिलन समारोह का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदन विश्वकर्मा व प्रदेश अध्यक्ष सौरभ विश्वकर्मा के निर्देश व जितेंद्र विश्वकर्मा के नेतृत्व मे आयोजन किया गया। समाज की समस्याओं पर चर्चा करते हुए एकजुट होकर रहने की बात कही गई। इस मौके पर दिवा कांत विश्वकर्मा,राहुल विश्वकर्मा,अखिलेंद्र विश्वकर्मा अजय पटेल , रविंदर पटेल, उमेश मिश्रा, मनोज यादव, अमर सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# हां ! हम टीबी खत्म कर सकते हैं थीम पर मनाया गया विश्व टीबी दिवस आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जनपद में शुक्रवार को विश्व टीबी दिवस मनाया गया। इस दिवस पर जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों और उपकेन्द्रों पर तपेदिक यानि क्षय रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इसी क्रम में स्वास्थ्य इकाइयों और स्कूलों में प्रभात फेरी निकली गई, गोष्ठी जागरूकता कार्यक्रम किये गए । अधिकतर शैक्षणिक संस्थानों में इस बीमारी के लक्षण और इलाज के बारे में जागरूक किया गया। जनपद स्तर से रैली को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशु पाण्डेय व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अरुण कुमार तिवारी ने हरी झंडी दिखाई। यह रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से निकलकर जिलाधिकारी कार्यालय से होते हुए कटरा, मनमोहन पार्क, ट्रैफिक चौराहा होते हुए जिला क्षय नियंत्रण केंद्र पर समाप्त हुई। इसके बाद सभी प्रतिभागी जनपद वाराणसी में चल रहे प्रधानमंत्री महोदय के कार्यक्रम में ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया। ऑनलाइन कार्यक्रम समापन के बाद सीएमओ सभागार में गोष्ठी हुई। जिला क्षय रोग अधिकारी कार्यालय में सात मरीजों को लायन्स क्लब एंजिल्स 20 मरीजों को मेडिकल कालेज और 20 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गोद लेकर पोषण किट वितरित किया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित रैली कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशु पाण्डेय ने कहा कि वर्ष इस वर्ष की थीम ह्लटीर द्दी ूल्ल िल्ली ळ्इह्ल निर्धारित की गयी हैं` और हम मिलकर इसे पूरा कर सकते हैं उन्होंने कहा कि 2025 तक जनपद समेत पूरे देश से क्षय रोग समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसी क्रम में शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में जागरूकता संबंधी विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आज टीबी इकाइयों, डेजिग्नेटेड माइक्रो स्कोपिक सेंटर और गांवों में सामुदायिक स्तर पर जन प्रतिनिधियों की अध्यक्षता में प्रभात रैली, गोष्ठी जागरूकता एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अब हमारा प्रयास क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायतें बनाना है। उन्होंने कहा कि आज वर्ड टीबी डे मनाने का उद्देश्य ही यही है कि लोगों को इस बीमारी के बारे में पूरी तरह जागरूक किया जाए और लक्षण वाले या संक्रमित व्यक्ति का तत्काल इलाज शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि बताया कि इस साल विश्व क्षय रोग दिवस की थीम है, ह्लहां! हम टीबी खत्म कर सकते हैंह्व। यह थीम तभी सार्थक होगी। जब इस रोग की समाप्ति के लिए समाज का हर व्यक्ति सहयोग करे। अधिकाधिक लोग निक्षय मित्र के रूप में क्षय रोगियों को गोद लें और उन्हें क्षय रोग से स्वस्थ बनाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि इसके मद्देनजर अब हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस मनाया जा रहा है। इन दिवस पर तत्काल जांच और तत्काल इलाज शुरू करने की व्यवस्था है। इससे लोगों को काफी फायदा हो रहा है। क्षय रोग के नोडल अधिकारी डॉ अरुण कुमार तिवारी ने जनपदवासियों से सक्षम लोगों और संस्थाओं से टीबी मरीजों को गोद लेने की अपील की है।

**सी एच सी में मनाया गया क्षय रोग दिवस**

**सोरांव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोरांव मे डॉ . एस.के.सिंह के अध्यक्षतामें विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें टीबी के लक्षण एवं टीबी से बचाव, उपचार आदि के विषय मे लोगों को जागरूक किया गया । जागरूकता के लिए सीएचसी से बाजार , प्राथमिक विद्यालय ,बीआरसी से होते हुए रैली निकाली गई । इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षाअधिकारी विजय कुमार मौर्या , चीफ फार्मासिस्ट संजय शुक्ला , टीबी सुपरवाइजर विशेष गुप्ता , प्रदीप कुमार सिंह , अशोक कुमार,ओम सिंह , अमित चन्द्रा ,उदय सिंह ,नफीस ,महेन्द्र शर्मा, स्टाफ नर्स सहित स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

## महिला को आरोपियों ने छेड़छाड़ करके किया मारपीट

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पति के बाजार जाने पर पत्नी को अकेला देखकर गांव के तीन लोग महिला को गाली गलौज करते हुए उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी किया। पीड़ित महिला के पति ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर खागल गांव के रहने वाले दुर्गेश शर्मा पुत्र सुरेश शर्मा ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया और बताया कि गुरुवार को सामान खरीदने के लिए बाजार चला गया उसकी पत्नी घर पर अकेले थी तभी गांव के तीन लोग आए और से गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर पत्नी को तीनों आरोपियों ने जमकर मारा पीटा उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी किया पीड़ित महिला अपने पति को सारी बात बताई तो दुर्गेश ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर मामले में इंसाफ की गुहार लगाई है।

# स्वयंसेवक अनुशासन और सेवाभाव से अपने गुणों का करें विकास: विधायक

## एमडीपीजी कालेज में सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मनोज मिश्र के मार्गदर्शन में आज के कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रतापगढ़ सदर विधानसभा के विधायक राजेंद्र कुमार मौर्या द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण करके किया गया।


एनएसएस शिविर के समापन पर विधायक का स्वागत करते कार्यक्रम अधिकारी।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एमडीपीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अरुण कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पुरुष कार्यक्रम अधिकारी असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शैलेश कुमार पाण्डेय के द्वारा एनएसएस के सातों दिन के संस्मरण (यादों) को सभी स्वयंसेवकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया कि किस प्रकार से स्वयंसेवक एनएनएस के माध्यम से अपने अंदर मानवीय मूल्यों का विकास कर सकते हैं।

कुछ स्वयंसेवकों के द्वारा भी अपने अपने सात दिनों के दौरान अनुभव को प्रस्तुत किया गया। जिनमें अंशुमान, संतोष कुमार पटेल, आशीष कुमार शर्मा, आयुष, शुभाकीर्ति पाण्डेय, सपना पटेल, सांभवी सिंह, सान्या सिंह ने विचार व्यक्त किया। मुख्य वक्ता के रूप में मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य द्वारा एनएसएस के स्वयंसेवकों को एनएनएस के राष्ट्रीय महत्व के बारे में बताएं कि किस प्रकार से एनएनएस के द्वारा स्वयंसेवक अपने अंदर अनुशासन राष्ट्रप्रेम, सेवाभाव आदि गुणों का विकास कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रमोद कुमार तिवारी प्रधानाचार्य तिलक इंटर कॉलेज द्वारा भी एनएनएस के सभी स्वयंसेवकों को संबोधित किया गया। कार्यक्रम के अंत में महिला कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर अमिता मिश्रा का संबोधन हुआ। प्रो. अमिता द्वारा एनएनएस के उद्देश्य के बारे में बताया गया कि एनएनएस के माध्यम से स्वयंसेवक अपने अंदर राष्ट्र प्रेम, दया, करुणा, प्रेम सहयोग आदि गुणों का विकास कर सकते हैं। विशेष रूप से डा. संजय कुमार दुबे शिक्षाशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष ने रामचरित मानस के द्वारा एनएनएस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. श्रद्धा सिंह समाज सेविका, बाटनी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद मिश्र, बी.एड. विभाग की प्रो. गीता शुक्ला, एमडीपीजी कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर प्रो. राधाकृष्ण दुबे और योग गुरु अजय कुमार मिश्रा, असिस्टेंट प्रो. रंजीत कुमार पटेल, डॉ. रेखा मिश्रा, डॉ. राजेन्द्र मिश्रा, डॉ. वर्धन पांडेय, योग शिक्षक अजय कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन एनएनएस की स्वयंसेविका शांभवी सिंह एवं सान्या सिंह के द्वारा किया गया। इन्हीं सब विधियों के साथ आज का कार्यक्रम संपन्न हुआ।


स्वर्ण पदक के साथ प्रतापगढ़ की टीम।

## श्रीराम जन्म महोत्सव अयोध्या में प्रतापगढ़ का लहराया परचम

### तलवारबाजी में बालक व बालिका दोनों वर्ग ने हासिल किया स्वर्ण पदक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म अवसर श्री राम नवमी पर अयोध्या में चल रहे श्री राम जन्म महोत्सव में तलवारबाजी प्रतियोगिता में बालक व बालिका दोनों वर्ग ने कानपुर व जौनपुर को हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया।

22-23 मार्च को अयोध्या में राम की पैड़ी पर आयोजित राज्य स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में जनपद प्रतापगढ़ की बालक व बालिकाओं को टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। बालको की टीम में निहाल अग्रहरि, मो.सलीम, मो. कलीम, श्रेष्ठ शर्मा रहे तथा बालिकाओं को टीम में लवली मिश्रा, बबीता, आराधना शर्मा व कविता रहीं। गौरतलब हो कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश की बेस्ट 8 रैंकिंग की टीमों को प्रतिभाग कराया गया था। जिसमे बालक वर्ग में प्रतापगढ़ ने जौनपुर को हरा कर व बालिका वर्ग में प्रतापगढ़ ने कानपुर को हरा के स्वर्ण पदक प्राप्त किया। टीम कोच अजय सिंह रहे।


एनएसएस शिविर में मौजूद कालेज के प्राचार्य व अध्यापकगण।

## स्वयंसेवकों को सामुदायिक सहभागिता के लिये योगदान जरुरी: प्राचार्य

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के दूसरे दिन के प्रथम सत्र में शुक्रवार को प्रतापगढ़ सिटी स्थित पीबीपीजी कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को सामुदायिकता एवं सहभागिता के साथ समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान हेतु प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम अधिकारीद्दडॉ कुलदीप सिंह, डॉ धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ नीरज त्रिपाठी व प्रणव ओझा के मार्गदर्शन में क्षेत्र में स्वच्छता पर जन जागरूकता रैली निकाली।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड ने अपना पेट में मारा चाकू, गंभीर

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कालाकाकर निवासी प्रहलाद पुत्र गया प्रसाद अग्रहरी (70) वर्षीय गुरुवार की भोर पहर कमरे के अंदर अपने पेट में नाभी के पास चाकू मार लिया जिससे नाभी की आंते बाहर निकल आई जिससे काफी खून बह गया सुबह न उठने पर परिजन लोग जब जगाने पंहुचे तो खून से लथपथ देख हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उपचार के लिए कालाकाकर अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने स्वरूपरानी प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया घटना की जानकारी मिलते ही नवाबगंज उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह अपने स्टाफ के साथ मौके पर पंहुचे और घटना के बारे में परिजनों से पूछताछ किया। इस बाबत जानकारी करने पर उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रहलाद का उपचार स्वरूपरानी में चल रहा है।

## रमजान के पहले जुमे को मस्जिदों में उमड़ी रोजेदारों की भीड़

### रोजा रखना हर मर्द और औरत पर फर्जः पेशइमाम, पाकीजगी से सुनी गयी जुमे की तकरीर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रमजान मुबारक महीने के आज पहले जुमे को नगर की सभी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी जिससे मस्जिदें ठसाठस भरी रहीं। कहीं-कहीं तो नमाजियों ने जगह कम पड़ने के कारण मस्जिद के बाहर जानमाज बिछाकर नमाज अता की। इस दौरान बच्चे, जवान व बूढ़े सभी जुमे की अजान के बाद सिर पर टोपी लगाये व कुर्ता-पायजामा पहन मस्जिद की ओर भागे नजर आ रहे थे।

यूं तो हर मुसलमान अमूमन जुमे की नमाज अता करने में कोई कोताही नहीं करता लेकिन जो कुछ लोग किसी मजबूरी के तहत जुमे की नमाज अता नहीं कर पाते वे रमजान के मुबारक महीने में


जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करते रोजेदार।

पड़ने वाले जुमे की नमाज को जाया नहीं जाने देते। अजान के बाद हर मुसलमान मस्जिद में दाखिल होने के बाद सुन्नत पढ़ता है उसके बाद पेशइमाम खुतबा पढ़ते हैं और फिर फर्ज नमाज पढ़ी जाती है।

नगर के बेगम वार्ड, बलीपुर, भैरोपुर, आजाद नगर, सदर बाजार, पुलिस लाइन, भुलियापुर, भगवा चुंगी, चैक जामा मस्जिद सहित कई मस्जिदों में जुमे की नमाज अता की गयी। जामा मस्जिद के पेशइमाम ने जुमे की तकरीर में कहा कि रमजान अल्लाह तआला का महीना है। उन्होंने कहा कि शाबान के महीने में ही कुरान पाक नाजिल हुआ। उन्होंने कहा कि पैगम्बर साहब ने फरमाया कि अल्लाह तआला फरमाता है कि इस माह में अमल बढ़ा दिया जाता है। एक नेकी की दस नेकियां लिखी जाती है। यहां तक कि नेकी का सिला सात सौ गुना तक दिया जाता है। रोजे का सवाब यानी पुण्य इतना अधिक है कि उसकी हद को अल्लाह ही जानता है। पेश इमाम ने फरमाया कि इस माह की कद्र न करना गुनाह का जरिया है। इस महीने की तमाम खूबियों, रहमतों को हासिल करने के लिए मुसलमानों को हर लम्हे एहतियात करना चाहिये। नेक अमल करते हुये बुरे कामों से बचना चाहिये। नमाज के बाद नमाजियों ने मस्जिद के बाहर बैठे गरीबों के बीच जकात अदा किया।

## दो दिवसीय अन्न खाद्य महोत्सव का डीएम ने किया शुभारंभ

### प्रदर्शनी में आकर्षण का केन्द्र बना रहा एग्रोगेनिक मिलेट्स

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के राजकीय इंटर कालेज के प्रांगण में शुक्रवार को दो दिवसीय अन्न खाद्य महोत्सव का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने करते हुए कहा कि इस खाद्य महोत्सव में मोटे अनाज के व्यंजनों के स्टाल लगे हैं। यह स्वास्थ्य की दृष्टि से हितकर है।


प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीएम, एसपी व विधायक।

समारोह में पुलसि अधीक्षक सतपाल अंतिल, सीडीओ ईषा प्रिया, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, विष्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल के अलावा अनेक अधिकारी मौजूद रहे। इस अन्न खाद्य महोत्सव में शहर के प्रमुख होटल मालिकों ने अपने होटल में बनने वाले व्यंजनों का स्टाल लगाया था। अधिकारियों व नेताओं ने घूम-घूमकर सभी स्टालों का निरीक्षण किया। इस कार्यक्रम का समापन शनिवार को होगा। प्रदर्शनी में शुक्रवार को एग्रोगेनिक मिलेट्स आकर्षण का केंद्र रहा। एग्रोगेनिक मिलेट्स के बारे में जानकारी देते हुए वेंकटेश अग्रवाल ने बताया कि मोटे अनाज को साफ सुथरा करके उनकी पैकिंग अनाज के रूप में तथा पाउडर रूप में करके लोगों को दी जाती है। स्टालों पर सदर विधायक राजेंद्र मौर्य एवं विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने भी जानकारी ली। फिलहाल एग्रो दैनिक स्टॉल पर मोटे अनाज का आटा और अनाज की जानकारी लेने वालों की भीड़ लगी। प्रदर्शनी में मोटे अनाज का बिस्किट, ब्रेड सहित कई तरह के उत्पाद भी प्रदर्शन के लिए स्टालों में लगाए गए।

## बेखौफ बदमाश तीन घरों में ताला तोड़कर लाखों का सामान लेकर हुए चंपत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बेखौफ बदमाशों ने एक ही गांव के अगल-बगल के तीन घरों में दरवाजे का ताला तोड़कर जमकर लूटपाट किया। कीमती जेवरात तथा नगदी तथा अन्य सामान उठा ले गए। चोरों की इस करतूत की खबर गृह स्वामियों को सुबह पता चल सका, जिससे सभी हैरान परेशान हो गए। तीनों ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के हर्रईपट्टी गांव में गुरुवार की रात चोर सपना पत्नी रामकिशन के घर पहुंचे और कमरों का ताला तोड़कर नगदी सोने की लॉकेट सोने की चैन अंगूठी तथा अन्य सामान उठा ले गए वही बगल में पुष्पा पत्नी नागेंद्र सरोज के घर में ताला तोड़कर घुसे चोरों ने कीमती जेवरात तथा खाने-पीने के अन्य सामान उठा ले गए इसके बाद चोर रोशनी सरोज पत्नी धर्मराज के घर में घुसकर वहां पर भी जमकर लूटपाट किया 5000 नकदी समेत अन्य कीमती सामान उठा ले गए तीनों गृह स्वामियों को सुबह उठने के बाद इसकी खबर लगी जिससे सभी परेशान हो गए। तीनों गृह स्वामियों ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। पुलिस शिकायती पत्र लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है।

## अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की बैक पेपर परीक्षा कराने का निर्देश जारी

### आंतरिक परीक्षा कराकर 25 मार्च तक भेजें अंक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय ने वर्ष 2021-22 की स्नातक परीक्षा पाठ्यक्रम के वोकेशनल प्रश्न पत्र में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की बैक पेपर परीक्षा महाविद्यालय स्तर पर कराने का निर्देश दिया है। महाविद्यालयों को भेजे पत्र में विश्वविद्यालय द्वारा कहा गया है कि 75 अंकों की आंतरिक परीक्षा कराकर उनके अंक 25 मार्च तक अनिवार्य रूप से भेजे जांय।

बता दें कि सत्र 21-22 में वोकेशनल की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा कराई गई थी किंतु इस वर्ष 22-23 में वोकेशनल की परीक्षा कराने की जिम्मेदारी महाविद्यालयों को सौंपी गई थी। वर्ष 21-22 की परीक्षा में जो विद्यार्थी अनुत्तीर्ण थे विश्वविद्यालय ने उनकी परीक्षा कराकर उसका मूल्यांकन करने एवं अवार्ड लिस्ट की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय को भेजने का निर्देश दिया है। बता दें कि 2021-22 में 25 अंकों की परीक्षा आंतरिक मानते हुए महाविद्यालयों द्वारा कराई गई थी और 75 अंकों की परीक्षा विश्वविद्यालय ने कराई थी अब विश्वविद्यालय ने बैक पेपर परीक्षार्थियों की 75 अंकों की भी परीक्षा आंतरिक मूल्यांकन के जरिए महाविद्यालयों को कराने के लिए कहा है। एमडी पीजी कॉलेज के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि 25 मार्च तक वोकेशनल प्रश्न पत्र की परीक्षा कराकर एवं उनका मूल्यांकन कर वार्ड लिस्ट की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय को भेजा जाना है। उधर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत महाविद्यालयों को भेजे एक पत्र में कहा है कि महाविद्यालयों के प्राचार्य अपने महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने घरों में ट्विन विन (हरा एवं नीला डस्टबिन) रखने और उसके कचरे का नियमित बाहर डिस्पोजल (स्रोत पृथक्करण) करते रहने का निर्देश दें और कार्यालय तथा महाविद्यालय के शौचालयों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करायें। एमडी पीजी कॉलेज के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों को विश्वविद्यालय के निर्देश का अनुपालन करने को कहा है।

## 26 को मनाया जायेगा वार्षिक दिवस समारोह

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला क्षेत्र के बोधी सिंह का पुरवा स्थित कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक दिवस 26 मार्च को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसजेएस ग्रुप रायबरेली के प्रबंध निदेशक रमेश बहादुर सिंह होंगे। विद्यालय के संस्थापक अनिल सिंह छोटे कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उक्त जानकारी प्रबंधक नीतेश सिंह ने दी।

## पट्टी के जयराम पांडे राही की कहानी बिटिया पुरस्कार हेतु चयनित

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी की ऐतिहासिक धरती जहां अपने क्रांतिकारी विचारों तथा आंदोलनों के लिए ख्यातिलब्ध है, वही यहां के लेखन को भी कई साहित्यकारों ने समृद्ध किया है। हाल में ही शिक्षक साहित्यकार जयराम पांडे राही की कहानी बिटिया को समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत राज्य हिंदी संस्थान वाराणसी द्वारा चयनित किया गया जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया जाएगा। पट्टी नगर के रहने वाले जयराम पांडे राही बेसिक शिक्षा विभाग में अध्यापन का कार्य करते हैं साथ ही साहित्य के प्रति प्रेम के कारण अपने लेखनी से कई किताब भी लिख चुके हैं। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राज्य हिंदी संस्थान वाराणसी द्वारा राज्य स्तरीय स्थानीय भाषा कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## शहर की सफाई में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को नगर पालिका ने किया सम्मानित

### शहर की स्वच्छता के लिये लाल और नीले डस्टबिन का करें प्रयोगः ईओ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देश पर शुक्रवार को नगर पालिका परिसर मे अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील की देखरेख में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छोत्सव 2023 के अंतर्गत नवदेवी सम्मान मनाया गया। इस सम्मान समारोह में 40 नवदेवी महिलाओं को उनके विशेष कार्यों में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बता दें कि शहर के सफाई कार्यों में महिला कर्मियों की अच्छी भागीदारी है, जिसके कारण आज उन्हें सम्मान मिल रहा है।


नवदेवी महिला को सम्मानित करते ईओ राम अचल कुरील।

इस दौरान अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील ने स्वच्छता से संबंधित विस्तृत जानकारी भी दी जिसमें विशेषकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की तैयारी के बारे में जानकारी दी तथा ये भी बताया कि सभी लोग सूखा कूड़ा नीले डस्टबिन में, गीला कूड़ा हरे डस्टबिन में डालें। सफाई एवम खाद निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने नवदेवी सम्मान समारोह में सम्मानित सभी महिलाओं को धन्यवाद दिया। साथ ही ये भी बताया कि महिला शसक्तीकरण की वजह से आज पूरे भारत का नाम हो रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के डी पी एम वरुण सिंह ने लोगो को खुद की सफाई से लेकर पूरे शहर की सफाई में अपना योगदान दें। स्वच्छ भारत मिशन के डी सी आशीष मिश्रा ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरी तरह वहिष्कार करें और पूरे प्रतापगढ़ को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में पहला स्थान मिल सके। प्रशांत सिंह ने बताया कि डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में सहयोग दें।

## रंजिश में दो पक्षो मे जमकर हुई मारपीट, सत्रह पर दर्ज हुआ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के पुरवारा गांव में रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षो की तहरीर पर कुल सत्रह लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पुरवारा गांव निवासी ललित कुमार उपाध्याय पुत्र रमेशचंद्र उपाध्याय के अनुसार रंजिश को लेकर बीते उन्नींस मार्च को दोपहर करीब चार बजे गांव के कमलेश तिवारी, बृजेश तिवारी, अखिलेश तिवारी, सुरेश तिवारी, सर्वेश तिवारी, अम्बर तिवारी, आदर्श तिवारी, आकाश तिवारी, रिंकू तिवारी, अमित तिवारी, सुमित तिवारी, विनायक तिवारी, कौशलेश तिवारी व विकास तिवारी एकराय होकर जान से मारने की नीयत से उस पर लाठी डंडे से हमला बोल दिया। आरोपीगणो ने पीडित के पास बैठे अजय सरोज को भी जातिसूचक शब्दों से गाली देते हुए घर मे घुसकर जमकर मारापीटा। आरोपितो ने परिवार की महिलाओ से अभद्रता किया तथा घरेलू सामानो को क्षतिग्रस्त भी कर दिया। आरोपियो के हमले से गंभीर चोट लगने के कारण दिलीप उपाध्याय बेहोश हो गया। शोर मचाने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। मामले मे पुलिस ने कमलेश तिवारी समेत चैदह लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास व एससीएसटी तथा छेडछाड समेत कई गंभीर धाराओं में गुरूवार की शाम मुकदमा दर्ज किया है। इधर विपक्षी पुरवारा गांव की ही सोनी तिवारी पत्नी बृजेश तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि रंजिशन गांव के मण्टू उपाध्याय उर्फ ललित, संदीप उपाध्याय उर्फ बबित तथा दिलीप उपाध्याय उर्फ सण्टू ने गांव स्थित मेडिकल स्टोर के सामने गाली देते हुए उसके पति को लाठी डंडे से मारापीटा।

## खबर संक्षेप

### लंबित विवेचनाओं का गुणवत्ता पूर्ण एवं समयबद्धता के साथ करें निस्तारण : एसपी

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित विवेचनाओं को लेकर मंझनपुर सर्किल के थाना पश्चिम शरीरा, थाना महेवाघाट, थाना कौशाम्बी एवं थाना करारी का अर्दली रूम कर सभी विवेचकों को निष्पक्ष, गुणवत्तापरक एवं समय बद्धता के साथ विवेचनाओं के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। न्यायालय द्वारा जारी एनबीडबल्यू, इनामिया अपराधियो एवं लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी कार्यालय अवधेश विश्वकर्मा मौजूद रहे।

### डीएम सीडीओ ने किया गंगा आरती

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने आज कड़ा में आयोजित गंगा आरती कार्यक्रम में हवन-पूजन कर गंगा आरती किया।ज्ञातव्य है कि प्रत्येक शुक्रवार को कड़ा में गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

## मायके पक्ष के मौके पर पहुंचने के पूर्व विवाहिता के शव को पुलिस ने भेजा पोस्टमार्टम हाउस विवाहिता की मौत के सवाल पर बार बार बयान क्यों बदल रहे हैं ससुराली जन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के दानपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की फिर मौत हो गई है विवाहिता के मायके के लोगों को फोन से सूचना देने के बाद उनका इंतजार किए बगैर थाना पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है घटना गुरुवार की शाम 7:00 बजे की है। घटनाक्रम के मुताबिक फतेहपुर जनपद के धाता थाना अंतर्गत भूला गांव निवासी रीता देवी पुत्री बब्बू की शादी कुछ वर्षों पूर्व पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के दानपुर गांव निवासी रतीलाल पुत्र शुकरु के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी शादी के बाद जब विवाहिता ससुराल पहुंची तो ससुरालियों द्वारा उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया गया है आए दिन विवाहिता के साथ ससुराली जन मारपीट करने लगे इस बात की कई बार शिकायत विवाहिता ने अपने मायके में की मायके के लोगों ने ससुरालियों को बार-बार समझाया लेकिन उनकी आदत में सुधार नहीं हो सका। गुरुवार 23 मार्च को विवाहिता के मायके में शाम 7:00 बजे के बाद ससुराली जनों ने फोन करके बताया कि रीता के आत्महत्या कर लिया है जब मायके के लोग रीता के ससुराल पहुंचे तो देखा कि रीता के शव को घंटों पहले पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जिस चुल्ले में विवाहिता की आत्महत्या किए जाने के बात ससुराली जन कह रहे थे उस चुल्ले में 15 लीटर के डिब्बे में घरेलू सामान भरकर टंगा था जिससे उस चुल्ले से आत्महत्या किए जाने की बात बेकार साबित हो रही है ग्रामीणों की माने तो विवाहिता की लाश जमीन पर रक्खी थी और आशंका जताई जा रही है कि विवाहिता की गला घोट कर हत्या करने के बाद ससुराली जनों ने आत्महत्या का रूप देने के उद्देश्य से फांसी लगाने की झूठी कहानी बताना शुरू कर दिया है घटनास्थल के साक्ष्य विवाहिता के आत्महत्या की कहानी को झूठा करार दे रहे हैं। जल्दबाजी में पुलिस के पोस्टमार्टम भेजने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं विवाहिता के मौत के मामले में उसके मायके के लोगों के आने का इंतजार पुलिस ने क्यों नहीं किया है मायके के लोगों को आने के पहले पुलिस ने लाश को क्यों सील पैक कर-के पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है यह तमाम सवाल थाना पुलिस के निष्पक्ष कार्यवाही पर खड़े हो रहे हैं विवाहिता के मायके के लोगों ने रीता देवी की हत्या करने का आरोप उसके पति ससुर और ससुराली जनों पर लगाया है पुलिस का कहना है कि लाश पोस्टमार्टम को भेज दी गई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।



विवाहिता के अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़

### सिराथू तहसील दिवस में शिकायत के बाद कार्यालय में बैठकर शिकायतों का निस्तारण कर रहे जांच अधिकारी

#### किसान की जमीन पर बलपूर्वक कब्जा किए जाने से पीड़ित किसान ने तहसील समाधान दिवस में डीएम से की थी शिकायत

**कौशाम्बी।** तहसील समाधान दिवस सिराथू में जिलाधिकारी ने शिकायत करने के बाद भी पीड़ितों को न्याय मिलता नहीं दिख रहा है पीड़ित शिकायती पत्रों के निस्तारण के लिए तहसील के चक्कर काट रहे हैं लेकिन तहसील की स्थिति यह है कि जानकारी करने के बाद भी शिकायत पत्रों की जानकारी तहसील में पता नहीं चल रही है शिकायती प्रार्थना पत्र तहसील से कहां गायब हो जाते हैं यह बड़े जांच का विषय है योगी सरकार का सख्त निर्देश है कि तहसील समाधान दिवस की शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित किया जाए लेकिन उसके बाद केवल खानापूर्ति तक तहसील समाधान दिवस की शिकायतें रह गई है। गौरतलब है कि सिराथू तहसील क्षेत्र के मीरापुर मजरा मर्दानपुर वर्जी में किसान की जमीन जबरिया दबंग कब्जा कर रहे हैं खतौनी खसरा में नाम दर्ज होने के बाद तहसील से हिस्सा बटवारा होने के बाद किसान की संपत्ति उप जिला अधिकारी ने उसके कब्जे में दे दी नजरी नक्शा में जमीन मौजूद होने के बाद किसान की जमीन दबंग जबरिया छीन लेना चाहते हैं दबंगों से पीड़ित होकर सैनी कोतवाली के मीरापुर मजरा मर्दानपुर वर्जी के किसान मेवा लाल मौर्या पुत्र रामनाथ मौर्या ने तहसील समाधान दिवस सिराथू में 18 मार्च को जिलाधिकारी से शिकायत की है कि उसके आराजी का तहसील से हिस्सा बटवारा हो गया है गाटा संख्या नजरी नक्शा में उसकी संपत्ति अलग कर दिया गया है अभिलेखों में दर्ज गाटा संख्या नजरी नक्शा अपने हिस्से की जमीन पर उसके कब्जे में गांव के दबंग बृजभूषण मौर्या और उनके परिजन जबरिया कब्जा कर रहे हैं जमीन पर कब्जा करने से मना करने पर गाली गलौज मारपीट दबंग करते हैं किसान ने डीएम को बताया कि कई बार मामले की शिकायत थाना और तहसील में की जा चुकी है लेकिन दबंग बृजभूषण मौर्या और उसके लोगों पर कार्यवाही नहीं हो सकी है जिससे उसके हौसले बुलंद हैं किसान की जमीन जबरिया कब्जा किए जाने के मामले की जानकारी मिलते ही डीएम सख्त हो गए हैं उन्होंने अधीनस्थों को निर्देशित किया है किसान की जमीन पर कब्जा करने वाले दबंग बृजभूषण मौर्या पर कड़ी कार्यवाही की जाए लेकिन डीएम के निर्देश देने के बाद 7 दिन बीत चुके हैं और तहसील दिवस के शिकायती प्रार्थना पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है तहसील का कोई भी अधिकारी और कर्मचारी शिकायती प्रार्थना पत्र के बारे में वर्तमान स्थिति की जानकारी नहीं दे पा रहा है इन स्थितियों में पीड़ित लोगों को कैसे न्याय मिल पाएगा यह बड़ी चर्चा का विषय है।

# मिट्टी का तेल डालकर विवाहिता को जिंदा जलाने वाले को आजीवन कारावास की सजा

#### हत्या के दोषियों पर अदालत ने लगाया 25 हजार रुपए का अर्थदंड 14 वर्ष बाद विवाहिता की हत्या के दोषियों को मिला दंड



**कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के फतेहपुर घाट गांव में 14 वर्षों पूर्व विवाहिता के ऊपर मिट्टी का तेल डालकर उसे जिंदा जला दिया गया था मामले में जगलाल और जग्गा निवासी फतेहपुर घाट की तहरीर पर थाना पुलिस ने 13 फरवरी 2009 को मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त राजू मिश्रा पुत्र गिरजा शंकर निवासी फतेहपुर घाट थाना पुरामुफ्ती को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था जहां से उसे जेल भेज दिया गया था विवाहिता की हत्या का मुकदमा न्यायाधीश न्यायालय स्पेशल जज एससी एसटी द्वारा सुनवाई की गई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मॉनिटरिंग सेल के माध्यम से पुलिस ने मुकदमे की पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने की पहल की गवाहों के बयान पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य अधिवक्ताओं की जिरह बहस सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी राजू मिश्रा को विवाहिता की हत्या का दोषी पाया मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने अभियुक्त राजू मिश्रा को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और 25 हजार रुपए का अर्थदंड दोषी पर लगाया है।


पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली गई

# एसपी ने शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की ली गई सलामी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार के परेड की सलामी ली गयी तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया तथा बेहतर टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की गई, साथ ही परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गयी एसपी द्वारा पुलिस लाइन स्थित समस्त शाखाओं, क्वार्टर गार्ड, पीआरवी वाहनों, डीसीआरबी कार्यालय, डायल-112 एवं एमटी शाखा का निरीक्षण कर किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## न्यूज झरोखा

### ट्राली में पीछे से बाइक सवार ने मारी टक्कर ट्राली चालक को लगी चोटें




**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के सिरियावा कला गांव निवासी भैयालाल पुत्र बिंदेश्वरी प्रसाद तीन पहिया ट्राली चलाकर परिवार का जीविकोपार्जन करते हैं 21 मार्च की शाम 7:00 बजे वह ट्राली लेकर भरवारी से वापस अपने घर सिरियावा कला जा रहे थे जैसे जैसे ही तीन पहिया ट्राली चालक भैया लाल सिरियावा कला गांव के पास पहुंचे कि तेज गति से पीछे से आ रहे बाइक सवार ने तीन पहिया ट्राली में जोरदार टक्कर मार दिया है बाइक की टक्कर लगते ही तीन पहिया ट्राली चालक भैयालाल गंभीर रूप से घायल हो गया है उसके शरीर और पैर में काफी चोटें आई हैं घायल अवस्था में भैयालाल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है बताया जाता है कि बाइक चालक पूर्व प्रधान मलाक भारत आजम के यहां रहता है पीड़ित के बेटे महेंद्र कुमार ने चरवा थाना पुलिस को तहरीर देकर बाइक सवार पर कार्यवाही की मांग की है।

### अपर निदेशक ने किया कोषागार का निरीक्षण



**कौशाम्बी।** अपर निदेशक, कोषागार प्रयागराज पी0के0 सिंह ने शुक्रवार को कोषागार कौशाम्बी के निरीक्षण के दौरान पेंशन भुगतान, बिल पासिंग तथा अधिष्ठान पत्रावलियो आदि की विस्तृत अवलोकन/जॉच किया एवं कोषागार के कार्यों से संतुष्ट रहें। अपर निदेशक के निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित पाये गये तथा कार्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक पायी गई।इस अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज कुमार त्रिपाठी, वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा विनय प्रजापति एवं सहायक कोषाधिकारी राधे मोहन सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारगण उपस्थित रहें।

### लाभार्थियों को किया गया टूलकिट का वितरण



**कौशाम्बी।** प्रतिनिधि अध्यक्ष, जिला पंचायत जितेन्द्र सोनकर एवं भाजपा जिलाध्यक्षा श्रीमती अनीता त्रिपाठी ने उद्योग विभाग द्वारा आयोजित वित्तीय वर्ष 2022-23 में एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त 250 प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट का वितरण किया। इन योजनाओं के माध्यम से लाभार्थी अपना स्वयं का रोजगार अथवा उद्योग स्थापित कर जनपद के विकास में अपनी भूमिका निभा सकतें है उपायुक्त उद्योग एस सिद्दीकी ने योजना के विषय में विस्तार से जानकारी दी तथा कार्यक्रम का संचालन निदेशक, आइफा फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी वस्मी जही नकवी द्वारा किया गया।

### तीन अभियुक्तों को 07-07 वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना सैनी अंतर्गत 13/08/2005 को वादी राजाराम यादव पुत्र नन्हू लाल निवासी मिसनहाई नजरा सिराथू थाना सैनी द्वारा सूचना दी गयी कि मेरे पुत्र सुरेन्द्र कुमार को हैण्ड पम्प की नाली साफ करते समय अभियुक्तगणों द्वारा लाठी डण्डा ईट से मारपीट की गयी थी जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तों श्यामलाल यादव पुत्र शिवदयाल सन्तोष कुमार यादव पुत्र श्यामलाल व सूरज भान पुत्र श्यामलाल निवासीगण मिसनहाई मजरा सिराथू थाना सैनी को न्यायालय एडीजे 01 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रत्येक को 07-07 वर्ष कारावास तथा 10 हजार 500 रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थदण्ड न अदा करने पर 03 माह 10 दिन के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

### आपसी विवाद में युवक को पीटा

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के खुंदमीर पुर बिदाव गांव निवासी नितेश विश्वकर्मा पुत्र स्वामीनारायण ने कौशिक के साझीदारी में कनैली चौराहे पर पैथोलॉजी सेंटर की जांच केंद्र खोल रखा है कौशिक के साझीदारी में कलीम हसन ने विजया चौराहे पर पैथोलॉजी जांच केंद्र खोल रक्खा है इसी बीच किसी बात को लेकर नितेश विश्वकर्मा का कलीम हसन से विवाद हो गया बताया जाता है कि 22 मार्च को शाम 6:00 बजे कलीम हसन ने नितेश को फोन से बुलाया लेकिन नितेश नहीं गया जिस पर कलीम हसन ने अपने साथी अतीक मुजीब पप्पू कलीम का भाई आदि लोगों के साथ नितेश को घेर लिया और पिटाई करने लगे मारपीट करने के बाद गाली गलौज जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी फरार हो गए हैं नितेश का कहना है कि कलीम हसन उस पर इस्लाम धर्म कबूल करने का दबाव बना रहा है उसकी बात ना मानने पर उसने पिटाई की है और अपने पिता की बंदूक लेकर वह मारपीट करने आया था मामले की सूचना पीड़ित नितेश ने पुलिस अधीक्षक कौशांबी को दी है।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 04 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से एक थाना घरवा से एक थाना कोखराज से एक थाना सैनी से एक कुल 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# विश्व टीबी दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश






**कौशाम्बी।** जनपद में शुक्रवार को विश्व टीबी दिवस मनाया गया। इस दिवस पर सभी स्वास्थ्य केंद्रों और उपकेन्द्रों पर तपेदिक यानि क्षय रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। इसी क्रम में स्कूलों में प्रभात फेरी निकली गई। अधिकतर शैक्षणिक संस्थानों में इस बीमारी के लक्षण और इलाज के बारे में जागरूक किया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुष्पेंद्र ने कहा कि वर्ष 2025 तक जनपद समेत पूरे देश से क्षय रोग समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसी क्रम में शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों में जागरूकता संबंधी विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आज टीबी इकाइयों, डेजिग्नेटेड माइक्रोस्कोपिक सेंटर और गांवों में सामुदायिक स्तर पर जनप्रतिनिधियों की अध्यक्षता में रैली गोष्ठी एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अब हमारा प्रयास क्षय रोग मुक्त ग्राम पंचायतें बनाना है। उन्होंने कहा कि आज वर्ड टीबी डे मनाने का उद्देश्य ही यही है कि लोगों को इस बीमारी के बारे में पूरी तरह जागरूक किया जाए और लक्षण वाले या संक्रमित व्यक्ति का तत्काल इलाज शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि बताया कि इस साल विश्व क्षय रोग दिवस की थीम है, हां! हम टीबी खत्म कर सकते हैं। यह थीम तभी सार्थक होगी। जब इस रोग की समाप्ति के लिए समाज का हर व्यक्ति सहयोग करे। अधिकाधिक लोग निक्षय मित्र के रूप में क्षय रोगियों को गोद लें और उन्हें क्षय रोग से स्वस्थ बनाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि इसके मद्देनजर अब हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस मनाया जा रहा है। इन दिवस पर तत्काल जांच और तत्काल इलाज शुरू करने की व्यवस्था है। इससे लोगों को काफी फायदा हो रहा है। क्षय रोग के नोडल अधिकारी डॉ सनत कुमार झा ने बताया कि किसी डॉ सनत कुमार झा ने बताया कि विगत कई वर्षों में क्षय रोग से ग्रसित मरीजों की संख्या वर्ष 2021 में 2304, वर्ष 2022 में 2517 एवं एवं वर्ष 2023 में अभी तक 673 मरीज चिन्हित किये गए हैं उन्होंने कहा जिसमे एम0डी0आर0 मरीजो की संख्या 78 है। व्यक्ति में क्षय रोग की पुष्टि हो जाने पर मरीज को 500 रुपए पोषण राशि दी जाती है। यह राशि निक्षय योजना के तहत मिलती है` नोडल अधिकारी ने जनपदवासियों से सक्षम लोगों और संस्थाओं से टीबी मरीजों को गोद लेने की अपील की है।

## क्षय रोग से बचाव पर आयोजित हुई जागरूकता रैली

### धनपति देवी मौर्य नर्सिंग स्कूल संस्थान ने कशिया गांव को लिया गोद



**अझुवा कौशाम्बी।** विश्व क्षय रोग दिवस- निक्षय दिवस पर क्षय रोग उन्मूलन हेतु धनपति देवी मौर्य नर्सिंग स्कूल संस्थान मे कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को क्षय रोग से बचाव की जानकारी दी गई छः रोग से बचाव और जागरुकता को लेकर संस्थान द्वारा रैली निकालकर प्रचार प्रसार किया गया। धनपति देवी मौर्य नर्सिंग स्कूल कसिया, ककोढ़ा में दिनांक 24 मार्च को क्षय रोग उन्मूलन हेतु 'निक्षय-दिवस' मनाया गया। जिसमें संस्थान द्वारा ग्राम कसिया को गोद लेते हुए ग्राम के टी०बी० 4 मरीजों में श्रीमती ज्ञानमती, श्रीमती बिट्टी देवी देशराज शिव व सुमन प्रकाश को 'पोषण पोटली उपलब्ध कराते हुए उन्हें इस बीमारी के इलाज हेतु संपूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा० हेमन्त कुशवाहा ने टी०बी० के संक्रमण से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी बच्चों को उपलब्ध करायी व विशिष्ट अतिथि डा० रंजीत लहरी ने इस विषय पर गम्भीर एवं विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए टी०बी० रोग के कारण से निवारण तक सम्पूर्ण जानकारी बच्चों को प्रदान की। संस्थान के बच्चों द्वारा एक जागरूकता रैली भी निकाली गयी। जिसमें बच्चों के द्वारा टी०बी० जागरूकता से सम्बन्धित पोस्टर व बैनर के माध्यम से आम जनमानस में टी०बी० के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया। संस्थान के - पैरेन्टल हॉस्पिटल नवजीवन हास्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर में हो रहे उपचार के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी। उक्त कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहें।

## प्रदेश के राज्यमंत्री कारागार प्रभारी मंत्री का जनपद भ्रमण 25 मार्च को

**कौशाम्बी।** प्रदेश के राज्यमंत्री कारागार/प्रभारी मंत्री सुरेश राही दिनांक 25.03.2023 को मध्यान्ह 12 बजे कॉशीराम गेस्ट हाउस, मंझनपुर पहुँचेंगे। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री मध्यान्ह 12:30 बजे उदयन सभागार में उ0प्र0 सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एवं प्रेस वार्ता करेंगे।राज्यमंत्री अपरान्ह 01 बजे सम्राट उदयन सभागार में जिला योजना समिति की बैठक करने के पश्चात अपरान्ह 2:30 बजे चिकित्सालय,आलू क्रय केन्द्र व गोआश्रय स्थल का निरीक्षण करेंगे तथा अपरान्ह 3:30 बजे उदयन सभागार में विकास सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे। राज्यमंत्री सायं 4:30 बजे जनपद में किसी एक स्थान का निरीक्षण करने के पश्चात सायं 5:30 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

## 30 लीटर शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 30 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना संदीपनघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामचन्द्र यादव पुत्र शिवचरन निवासी महगांव थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामसुरेमन पुत्र स्व० शिवमोहन निवासी सरीफपुर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

**वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी।** थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त अभिमन्यु पुत्र अर्जुन सिंह पटेल निवासी अकबरपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

**सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते नौ अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चरवा पुलिस द्वारा नौ अभियुक्तो जितेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 छोटे लाल तिवारी सन्तोष कुमार पुत्र बचईलाल निवासी चौराडीह थाना चरवा रामू पुत्र गणेश प्रसाद मान सिंह पुत्र कल्लू रैदास धनराज पुत्र स्व० भगवत प्रसाद रघुवीर पुत्र स्व0 गोदी प्रसाद निवासी नीबीसाना थाना चरवा बबलू पासी पुत्र श्रीनाथ पासी निवासी गोविन्दपुर थाना सराय अकिल मथुरा प्रसाद तिवारी पुत्र रामचन्द्र तिवारी निवासी नीबीसाना थाना चरवा व शुभम कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी नीबीसाना थान चरवा को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 1885 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 1100 रुपए बरामद होने पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई

**चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही : कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमें यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 139 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 03 वाहन से 1500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# वाकई अब की शादियां हैरान कर देने वाली हैं...

## एक सर्वे के मुताबिक भारत में सालभर में शादियों पर जितना खर्च हो रहा है, उतनी कई देशों की जीडीपी भी नहीं है

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सनातन में शादी एक संस्कार होती थी जो अब एक इवेंट बन कर रह गई हैं। पहले शादी समारोह मतलब दो लोगों को जुड़ने का एहसास कराते पवित्र विधि विधान, परस्पर दोनों पक्षों की पहचान कराते रीति- रिवाज, नेग भी मान सम्मान होते थे। पहले हल्दी और मेंहदी यह सब घर अंदर हो जाता था किसी को पता भी नहीं होता था। पहले जो शादियां मंडप में बिना तामझाम के होती थी, वह भी शादियां ही होती थी और तब दाम्पत्य जीवन इससे कहीं ज्यादा सुखी थे। परंतु समाज व सोशल मीडिया पर दिखावे का ऐसा भूत चढ़ा है कि किसी को यह भान ही नहीं है कि क्या करना है क्या नहीं! यहां एक दूसरे से ज्यादा आधुनिक और अमीर दिखाने के चक्कर में लोग हद से ज्यादा दिखावा करने लगे हैं।अड़तालिस किलो की बिटिया को पचास किलो का लहंगा भारी न लगता। माता पिता की अच्छी सीख की तुलना में कई किलो मेकअप हल्का लगता है। हर इवेंट पर घंटों का फोटो शूट थकान नहीं देता पर शादी की रस्म शुरू होते ही पंडित जी जल्दी करिए, कितना लम्बा पूजा पाठ है, कितनी थकान वाला सिस्टम है" कहते हुए शर्म भी न आती। वाकई, अब की शादियाँ हैरान कर देने वाली हैं। मजे की बात ये है कि ये एक सामाजिक बाध्यता बनती जा रही है। उत्तर भारत में शादियों में फि जूल खर्ची धीरे धीरे चरम पर पहुँच रही है। पहले मंडप में शादी, वरमाला सब हो जाता था। फिर अलग से स्टेज का खर्च बढ़ा, अब हल्दी और मेहंदी में भी स्टेज, खर्च बढ़ गया है। प्री वेडिंग फोटोशूट, डेस्टिनेशन वेडिंग, रिसेप्शन, अब तो सगाई का भी एक भव्य स्टेज तैयार होने लगा है। टीवी सीरियल देख देख कर सब शौक चढ़े है। पहले बच्चे हल्दी में पुराने कपड़े पहन कर बैठ जाते थे अब तो हल्दी के कपड़े पांच दस हजार के आते है। प्री वेडिंग शूट, फर्स्ट कॉपी डिजाइनर लहंगा, हल्दी/मेहंदी के लिए थीम पार्टी, लेडिज संगीत पार्टी, बैचलर'स पार्टी, ये सब तो लडकी वाला नाक उँची करने के लिये करवाता है। यदि लड़की का पिता खर्च मे कमी करता है तो उसकी बेटी कहती है कि शादी एक बार ही होगी और यही हाल लड़के वालो का भी है। मजे की बात यह है कि स्वयं बेटा-बेटी ही इतना फिल्मी तामझाम चाहते हैं, चाहे वो बात प्री-वेडिंग शूट की हो या महिला संगीत की, कहीं कोई नियंत्रण नहीं है। लडकी का भविष्य सुरक्षित करने के बजाय पैसा पानी की तरह बहाते हैं। अब तो लड़का लड़की खुद माँ बाप से खर्च करवाते हैं। दोनों ही अपनी दिखावे की नाक ऊंची रखने के लिए कर्जा लेकर घी पी रहे हैं। कभी ये सब अमीरों, रईसों के चोंचले होते थे लेकिन देखा देखी अब मिडिल क्लास और लोअर मिडिल क्लास वाले भी इसे फॉलो करने लगे है। इन सबमें मध्यम वर्ग परिवार मुसीबत में फंस रहे हैं कि कहीं अगर ऐसा नहीं किया तो समाज में उपहास का पात्र ना बन जायें। सोशल मीडिया और शादी का व्यापार करने वाली कंपनिया इसमें मुख्य भूमिका निभा रहीं हैं। दिखावे में बर्बाद होते समाज को इसमें कमी लाने की महती आवश्यकता है वरना अनर्गल पैसों का बोझ बढ़ते बढ़ते वैदिक वैवाहिक संस्कारों को समाप्त कर देगा।

# संपादकीय

## राहुल गांधी को सजा

**राहुल** गांधी को 2019 के चुनावों के दौरान कर्नाटक में दिए एक बयान पर अब सूरत के सत्र न्यायालय ने दो साल की सजा सुनाई है। राहुल गांधी ने नीरव मोदी और ललित मोदी जैसे भगोड़ों का जिक्र करते हुए कहा था कि सभी चोरों का सरनेम यानी उपनाम मोदी क्यों होता है। इस बयान पर राहुल गांधी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 499 और 500 के तहत केस दर्ज किया गया था। चार साल पुराने इस आपराधिक मानहानि प्रकरण में अब राहुल गांधी को सजा सुनाई गई, हालांकि उन्हें अदालत से जमानत भी मिल गई, साथ ही ऊपरी अदालत में अपील करने के लिए 30 दिनों का समय दिया गया है। इस घटना के बाद देश में राजनीतिक हलचल का तेज होना स्वाभाविक है। क्योंकि एक पक्ष में राहुल गांधी हैं और दूसरे पक्ष में भाजपा। दरअसल भाजपा के लिए राहुल गांधी एक ऐसी उलझन बन चुके हैं, जिनसे किस तरह पार पाया जाए, यह भाजपा समझ ही नहीं पा रही है। उन पर व्यक्तिगत आक्षेप लगाए गए, छवि खराब करने में मीडिया का सहारा लिया गया, उनके परिवार पर, परिजनों पर अशोभनीय टिप्पणियों के साथ निम्नस्तर के आरोप लगाए गए, लेकिन राहुल गांधी किसी भी प्रहार से जरा सा भी विचलित नजर नहीं आ रहे हैं। और ये एक-दो बरस की बात नहीं है, पिछले 20 सालों से ऐसा ही चलता आ रहा है और राहुल गांधी व्यक्तिगत, राजनैतिक तमाम तरह के हमलों का सामना करते हुए अपनी बात बेधड़क रखते चले जा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने 4 हजार किमी की लंबी पदयात्रा करने का अद्भुत और लगभग असंभव काम संभव कर दिखाया। इस पूरी यात्रा के दौरान भाजपा के उन पर हमले जारी रहे। इससे पहले नेशनल हेराल्ड मामले में उनसे कई घंटों की लंबी पूछताछ हुई, उसमें भी राहुल गांधी ने धैर्यपूर्वक सारे सवालों का जवाब दिया, जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग किया। संसद में उनसे माफी की मांग पर रोज सत्र ठप्प करवाए जा रहे हैं, तब भी राहुल गांधी अपनी बात पर अडिग हैं और माफी मांगने तैयार नहीं। उनके खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाने की तैयारी भी भाजपा कर रही है, जिससे उनकी लोकसभा सदस्यता जा सकती है। और अब सूरत की अदालत से दो साल की सजा का फैसला आ गया है। जिसके बाद फिर सवाल उठने लगे हैं कि क्या इससे राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म हो जाएगी। क्योंकि जनप्रतिनिधि कानून के मुताबिक अगर किसी सांसद या विधायक को 2 या 2 साल से अधिक की सजा सुनाई जाती है, तो उनकी सदस्यता रद्द हो जाती है साथ ही छह साल के लिए वे चुनाव भी नहीं लड़ सकते। राहुल गांधी को अब इस मामले में गुजरात हाईकोर्ट में अपील कर, इस फैसले पर स्टे लेना होगा। यानी फिलहाल राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म होने के आसार हैं। लेकिन इससे उनसे अधिक तकलीफ भाजपा को हो सकती है। राहुल गांधी जब तक सांसद हैं, तब तक उन्हें घेरना आसान रहेगा। लेकिन जिस दिन वे संसद से बाहर होंगे, उस दिन जनता के बीच उनकी पैठ और गहरी हो जाएगी। वैसे भी सूरत की अदालत के फैसले के बाद उन्होंने गांधी जी के आदर्शों को याद करते हुए ट्वीट किया है कि मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है। सत्य मेरा भगवान है, अहिंसा उसे पाने का साधन। उन्होंने अदालत में ये भी कहा कि वो किसी समुदाय को अपने बयान से ठेस नहीं पहुंचाना चाहते थे। अगर यह फैसला छह महीने पहले आया होता, तब शायद भाजपा इसका कुछ लाभ ले सकती थी। लेकिन अब तो राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के बाद वाले शख्स हैं, जिन्होंने पूरी यात्रा के दौरान नफरत के खिलाफ प्यार का संदेश दिया है। लाखों लोगों ने उनके इस संदेश को सुना और महसूस किया है। इसलिए अब राहुल गांधी के लिए सहानुभूति और बढ़ेगी। बस अब कांग्रेस को यह तय करना है कि वह इस मामले में शब्दबाण ही चलाएगी या फिर इस मौके का लाभ उठाकर पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करेगी। यह संयोग ही है कि राहुल गांधी को 23 मार्च के दिन सजा सुनाई गई। 23 मार्च भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहादत दिवस है। इसी तारीख को मशहूर क्रांतिकारी कवि अवतार सिंह संधू उर्फ पाश की खालिस्तानियों ने हत्या कर दी थी। अंग्रेजों की क्रूरता और नाइंसाफी के सामने झुकने की जगह, उन्हें अपनी बहादुरी से चौंकाने वाले युवा भगत सिंह, राजगुरु औ? सुखदेव को अंग्रेजों ने फांसी दे दी, ताकि वे अपने खिलाफ सिर उठाने वाले हर शख्स को डरा सकें, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भले आरएसएस के दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर ने बंच ऑफ थॉट्स में कहा हो कि हम उनकी शहादत को महानता के उस चरम बिंदु के रूप में नहीं देख सकते, जिससे लोगों को प्रेरित होना चाहिए। क्योंकि वे अपने आदर्शों को पाने में विफल रहे और इस विफलता में उनका बड़ा दोष है। (बंच ऑफ थॉट्स, साहित्य सिंधु, बंगलुरु, 1996, पेज- 283)। लेकिन सच्चाई यही है कि इनकी शहादत से लाखों नौजवानों को अन्याय के खिलाफ उठने की प्रेरणा मिली। तरीके भले अलग-अलग रहे, मगर आजादी के लिए संघर्ष और तेज हुआ और आखिरकार अंग्रेजों को अपनी हुकूमत समेट कर जाना पड़ा। जिन लोगों ने स्वतंत्रता संघर्ष में रत्ती भर भी योगदान नहीं दिया, वे शहीदे आजम को विफल कह सकते हैं। लेकिन देश आज भी भगत सिंह और उनके साथियों के देश प्रेम और सर्वोच्च बलिदान को आदर्श की तरह देखता है। इसी तरह मशहूर क्रांतिकारी कवि अवतार सिंह संधू उर्फ पाश भी ताउम्र गलत को गलत और सही को सही करने की हिम्मत दिखाते रहे। उन्होंने हिंदुस्तान के आम लोगों को सपने देखने का साहस दिया और बता दिया कि सबसे खतरनाक होता है सपनों का मर जाना, क्योंकि बिना सपनों के इंसान केवल हाड़-मांस का पुतला होता है, सपने उसमें चेतना भरते हैं। इसलिए पाश ने लिखा कि सबसे खतरनाक होता है मुर्दा शांति से भर जाना। देश में इस वक्त ऐसी ही मुर्दा शांति भरने की कोशिश की जा रही है।

# भीतर जांच से और बाहर नारों की आंच से डर रही सरकार

**वर्षा भम्भाणी मिर्जा**

**संभव है** कि एकता के प्रयास अभी बढ़ेंगे। शायद कांग्रेस ममता, अखिलेश, केजरीवाल और केसीआर के साथ बातचीत करेगी। क्या वाकई विपक्षी दल यह समझ रहे हैं कि अलग-अलग लड़ने की रणनीति उन्हें 2024 में सफलता का सूरज दिखाएगी? नरेंद्र मोदी की भाजपा के खिलाफ विपक्ष इस रूप में कारगर साबित होगा? बेहतर होता कि मजबूत भाजपा के सामने कांग्रेस के साथ मजबूत विपक्ष सामने होता। देश की जनता का वह हिस्सा जो मानता है कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है तो लोकतांत्रिक ढंग से चुनी हुई, लेकिन उसके कामकाज का तरीका अलोकतांत्रिक है। यह ऐसी सरकार है जिसे अपने खिलाफ एक पोस्टर, बयान, ट्वीट और गीत तो क्या, मसखरों का मजाक भी मंजूर नहीं है। इस सबके बाद वह चाहने लगता है कि कुछ ऐसा हो जो इस सरकार को सबक सीखा दे। ऐसी ही आस उसे विपक्ष से भी है। उसे यह भी लगता है कि तुरंत-फुरत विपक्ष को एक हो जाना चाहिए और 1977 और फिर 1989 की तरह सरकार को उखाड़ फैंकना चाहिए। उसे लगता है कि ये सभी क्षेत्रीय दल जो सरकार की जांच एजेंसियों द्वारा लगातार सताए जा रहे हैं, कांग्रेस को क्यों आंखें दिखा रहे हैं? ये क्यों नहीं कांग्रेस की छतरी के नीचे आ जाते जो सीना ठोंक कर न केवल संसद में खड़ी है बल्कि दरकते लोकतंत्र को बचाने के लिए भारत जोड़ो यात्रा भी कर चुकी है। इसलिए जनता का यह हिस्सा बहुत निराश भी है कि आखिर विपक्ष एक क्यों नहीं हो रहा? वह क्यों सत्ता के जाल में फंस रहा है, जबकि उसे तो उन चिड़ियों की तरह उस जाल को लेकर ही उड़ जाना चाहिए जिसमें शिकारी ने उन्हें फांस रखा है। अब तक सब ठीक ही चल रहा था लेकिन यकायक तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ममता बैनर्जी और अखिलेश यादव की कोलकाता में बैठक और फिर अखिलेश की घोषणा ने विपक्षी एकता की जैसे पूरी ठसक ही निकाल दी। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव का यह कहना कि हम भाजपा और कांग्रेस से समान दूरी बनाकर चलेंगे और भाजपा को हराने के लिए समाजवादी पार्टी ममता बैनर्जी के नेतृत्व में ढ़ढ़ता से खड़ी है। ममता बैनर्जी के भतीजे अभिषेक बैनर्जी तो पहले ही घोषणा कर चुके थे कि कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी को दिया गया वोट भाजपा को दिए जाने के बराबर होगा। जाहिर है कि ये दोनों ही पार्टियां भाजपा के खिलाफ तो हैं ही, कांग्रेस से भी दूरी बनाए रखना चाहती हैं।



ममता तो अखिलेश को समर्थन देने के लिए उत्तरप्रदेश के विधानसभा चुनावों में प्रचार के लिए भी गईं थीं। इस बार अखिलेश कोलकाता गए हैं।

लोकसभा में 80 सीटें उत्तर प्रदेश और 42 सीटें पश्चिम बंगाल से आती हैं। पिछली लोकसभा में तृणमूल ने 22 सीटें जीती थीं। भाजपा को 18 और कांग्रेस को केवल दो सीटें मिली थीं। पिछले लोकसभा चुनावों में सपा को केवल तीन सीटें मिली थीं। जो नए संकेत हैं, वे बता रहे हैं कि इन दोनों राज्यों में कांग्रेस के साथ मिलकर वे सीटों का बंटवारा नहीं करेंगे। कांग्रेस चाहे तो सोच ले अन्यथा वे कई सीटों पर चतुष्कोणीय मुकाबले में उलझने के लिए भी तैयार हैं क्योंकि ये दोनों प्रदेश राजस्थान, मध्यप्रदेश या छत्तीसगढ़ की तरह दो पार्टी वाले नहीं हैं। अब इस उलझे हुए गणित में भी कोई विपक्ष की मजबूती देख रहा है, तो उसे क्या कहा जाए? देश की राजनीति को गहराई से समझने वाले जब कहें कि ममता और अखिलेश क्या कर रहे हैं इस पर कतई ध्यान देने की जरूरत नहीं है। सबकी अपनी-अपनी मजबूरियां हैं। सबको अलग-अलग लड़ने और जीतने दीजिये! जरूरी तो नहीं कि सभी विपक्षी दलों में एकता हो जाए। सभी दलों की प्राथमिकता इस समय भाजपा को कमजोर करने की है। विपक्षी दल इस बात को समझ रहे हैं कि मौजूदा संकट से बाहर निकलने का यही अंतिम मौका है। कांग्रेस यूं भी उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में अच्छी स्थिति में नहीं है। चिंता इसलिए भी नहीं करनी चाहिए कि केंद्र सरकार के खिलाफ टीएमसी की महुआ मोइत्रा और समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव बहुत तीखे तेवर रखते हैं। यादव तो साफ कह चुके हैं कि लोकसभा चुनाव से पहले तक ऐसा कोई विपक्ष का नेता नहीं बचेगा जिसके विरुद्ध ईडी और आईटी की जांच नहीं की जा रही होगी। महुआ के तीखे नश्तर तो सीधे सरकार को हमेशा गहरे तक लगते हैं। कांग्रेस इन दोनों पार्टियों के रवैये को पचा नहीं पा रही है। कांग्रेस के एक नेता यह भी कह देते हैं कि अगर उन्हें पार्टी के नेतृत्व से भी दिक्कत है तो वह भी कहना चाहिए लेकिन कहें तो; और फिर इस बात पर भी विचार करें कि क्या उनके पास कोई नेता इस कद के हैं? कांग्रेस के पास तो कई-कई नेता हैं और अब तो अध्यक्ष पद पर मल्लिकार्जुन खड़गे हैं। बहरहाल संभव है कि एकता के प्रयास अभी बढ़ेंगे। शायद कांग्रेस ममता, अखिलेश, केजरीवाल और केसीआर के साथ बातचीत करेगी। क्या वाकई विपक्षी दल यह समझ रहे हैं कि अलग-अलग लड़ने की रणनीति उन्हें 2024 में सफलता का सूरज दिखाएगी? नरेंद्र मोदी की भाजपा के खिलाफ विपक्ष इस रूप में कारगर साबित होगा? बेहतर होता कि मजबूत भाजपा के सामने कांग्रेस के साथ मजबूत विपक्ष सामने होता। तर्क हो सकता है कि 1977 में जब इंदिरा गांधी चुनाव हारी थीं तब भी विपक्ष पहले से एकजुट नहीं था और न ही 1989 में एक था। सब चुनाव जीतने के बाद एक हुए। सवाल फिर मतदाता के उसी मानस से जुड़ा है कि 77 की तरह क्या जनता का बड़ा हिस्सा सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकना चाहता है? महंगाई, बेरोजगारी, बात-बात पर लोगों को गिरफ्तार करने की नीति और नफरत की सियासत उसे सत्ता परिवर्तन के लिए उकसा रही है? पक्ष, विपक्ष और जनता किसी भी लोकतंत्र में यही बुनियादी सामंजस्य बनाते हैं। पिछले लगभग एक पखवाड़े से सत्ता का संसद और संसद के बाहर दोनों ही जगह यकीन डिगा हुआ नजर आया है। संसद में सरकार के चार मंत्री राहुल गांधी पर विदेश में बयानबाजी को लेकर तीखा हमला करते हैं, फिर भी उन्हें बोलने नहीं देते। विपक्ष को अपनी बात कहने के लिए संसद की ऊपरी मंजिल पर चढ़ना पड़ता है, जो इससे पहले कभी नहीं हुआ था। संसद के बजट का दूसरा सत्र सरकार के संसद न चलने के लिए दर्ज हो गया है। संसद को म्यूट कर दिया गया। चुने हुए नुमाइंदों की आवाजें दबा दी गईं। यह हताशा भी सरकार में पहली बार नजर आई। क्या इसकी वजह कारोबारी गौतम अडानी है? आखिर क्यों सरकार अडानी मामले में अपनी साख को लगातार दांव पर लगा रही है। संयुक्त संसदीय समिति का गठन इससे पहले हर्षद मेहता, केतन पारीख के घोटालों में भी हुआ है। हर्षद के समय 1991 में जब कांग्रेस की सरकार थी और केतन पारीख के समय 2001 में जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी। मेहता और पारीख पर जेपीसी हो सकती है तो फिर अडानी पर क्यों नहीं? भारत के संसदीय इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि खुद मंत्रियों ने बजट सत्र को हंगामे की भेट चढ़ाया हो। सरकार का भरोसा संसद के बाहर भी डिगा हुआ मालूम होता है। कुछ दिन पहले कानून मंत्री किरण रिजिजू ने सेवानिवृत्त जजों को एंटी इंडिया गैंग का हिस्सा बता दिया। उन्होंने कहा कुछ रिटायर्ड जज ऐसे हैं जो एंटी इंडिया गैंग का हिस्सा हैं। ये लोग चाहते हैं कि भारतीय न्यायपालिका विपक्षी दल की तरह काम करे। कुछ लोग तो कोर्ट में जाकर यह तक कहते हैं कि सरकार की नीतियों को बदला जाए। वह सरकार पर रेड करने की मांग करते हैं। कानून मंत्री का यह बयान बताता है कि सरकार अपने से असहमत लोगों को केवल एक ही चश्मे से देखती है- देशद्रोही का चश्मा। कानून मंत्री की निगाह में जज, विपक्षी दल आदि सब देशद्रोही हैं। मोदी हटाओ, देश बचाओ का पोस्टर लगाने वाले भी जेल जाएं तो ट्वीट करने वाले भी। कन्नड़ अभिनेता चेतन कुमार को हिंदुत्व पर उनके ट्वीट के लिए गिरफ्तार कर लिया गया तो दिल्ली के इस पोस्टर मामले में 138 एफआईआर कर दी गईं। इंदिरा हटाओ देश बचाओ का नारा जयप्रकाश ने दिया था और उससे पहले वाह रे नेहरू तेरी मौज, घर पर हमला बाहर फौज का नारा खुद जनसंघ ने 1962 में दिया था। वह दौर था जब तीसरे लोकसभा चुनावों की घोषणा हो चुकी थी और देश चीन के हमले के खतरों से जूझ रहा था और दूसरी ओर भारत के सैनिक संयुक्त राष्ट्र संघ की शांति सेना में शामिल थे। हालांकि इस नारे का कुछ खास असर नहीं हुआ और जनसंघ नारे वाली सीट हार गया था। नेहरू जैसा भरोसा वर्तमान सरकार को भी होना चाहिए।

> मोदी हटाओ, देश बचाओ का पोस्टर लगाने वाले भी जेल जाएं तो ट्वीट करने वाले भी। कन्नड़ अभिनेता चेतन कुमार को हिंदुत्व पर उनके ट्वीट के लिए गिरफ्तार कर लिया गया तो दिल्ली के इस पोस्टर मामले में 138 एफआईआर कर दी गई। इंदिरा हटाओ देश बचाओ का नारा जयप्रकाश ने दिया था और उससे पहले वाह रे नेहरू तेरी मौज, घर पर हमला बाहर फौज का नारा खुद जनसंघ ने 1962 में दिया था

# राहुल मुल्जम करार! उत्तम उदाहरण है!!

**के. विक्रम राव**

**अब** सारे सांसदों और विधायकों के बेलगाम बोल पर तगड़ा लगाम लग जाएगा। राहुल गांधी की सांसदी खत्म कर यह चेतावनी स्पष्ट और कारगर हो गई। मनमर्जी और हलकेपन का अंत कर, वाक-गांभीर्य अब सर्वमान्य और ग्राह्य बनेगा। हर मोदी उपनामवाला भ्रष्ट होता क्यों हैं, पूछा था राहुल ने एक चुनावी सभा में। नरेंद्र मोदी पर घिनौना हमला था। सूरत के सीजेएम साहब ने राहुल पर बड़ी दया दिखाई। राहुल के वकील किरीट पानवाला ने हल्की-फुल्की सजा के लिए मिन्नत की थी। तभी जज हरीश वर्मा कानूनन इस पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष की लोकसभा मेंबरी रद्द कर सकते थे। छोड़ दिया। उच्चतम न्यायालय ने जनप्रतिनिधि कानून 1951 की धारा 8(4) को कांग्रेस राज के दौर (10 जुलाई 2013) में असंवैधानिक कर दिया था। पहले इस धारा के अनुसार सजायाफ्ता सांसदों और विधायकों की सदस्यता बरकरार भी रह सकती थी। सर्वोच्च अदालत के न्यायाधीशों ने लिली थॉमस बनाम भारत सरकार वाली याचिका पर सांसदी तथा विधायकी तत्काल खत्म करने का निर्देश दिया था। कानूनन राहुल गांधी कल संध्या से ही भूतपूर्व सांसद बन गए थे। उत्तर प्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप शुक्ल ने इस संवाददाता को आज बताया कि यूपी विधानसभा के दो सदस्यों की भी मेंबरी तत्काल खत्म कर दी गई थी। अब्दुल्ला आजम खान समाजवादी पार्टी के रामपुर से विधायक थे और भाजपा के विक्रम सैनी खतौली से। दोनों को अदालत द्वारा दो साल की सजा होने पर तत्काल निकाल दिया गया था। याद करें कि इसके पूर्व सर्वोच्च न्यायालय में राहुल क्षमायाचना कर चुके हैं। तभी न्यायालय ने उन्हें सचेत किया था कि चौकीदार चोर वाली सतही आलोचना पर खेद व्यक्त करें। तब अदालत में राहुल गिड़गिड़ाये थे। फिर वही अपराध दोबारा किया। नतीजन सजा पाई। लोकसभा से बाहर हो गए। वायनाड में इस बार उपचुनाव में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी से उनका मुकाबला होगा। इस परिवेश में स्मरणीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने राहुल गांधी की (14 नवंबर 2019) से क्षमायाचना स्वीकृति और उन्हें सावधान किया था उनकी मोदी-विरोधी युक्ति पर कि चौकीदार चोर है अपमानजनक है। सूरत के जज ने इसी तथ्य को भी स्पष्ट तथा दर्ज भी किया। इतिहास ने आज अपने को दुहराया है। राहुल गांधी की दादी (इंदिरा गांधी) की भी लोकसभाई सदस्यता 1978 में निरस्त की गई थी। रायबरेली से हारने के बाद वे चिकमगलूर (कर्नाटक) से लोकसभा का उपचुनाव जीतीं थीं। उनपर सरकारी तंत्र के दुरुपयोग का आरोप लगा था। निष्कासन वाला यह प्रस्तावित तब प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने सदन में पेश किया था। बहुमत से पारित हुआ था। इस पूर्व-कांग्रेस अध्यक्ष के बारे में इतना और गमनीय है कि एक वरिष्ठ, जानामाना, सत्ता पर सालों रहा नेता इतनी गैरजिम्मेदारी वाला सार्वजनिक बयान दे सकता है ? उन्हीं के शब्दों में सभी मोदी उपनाम वाले भ्रष्ट क्यों होते हैं ? तो मूलभूत सवाल आता है कि राहुल गांधी का उपनाम गांधी हो ही नहीं सकता। उनके दादा (राजीव गांधी के पिता और इंदिरा गांधी के पति) फिरोज घांडी सूरत के पारसी थे। उनके पूर्वज ईरान से गुजरात भागकर आए थे। तब इस्लाम ने ईरान का आर्य धर्म नष्ट कर दिया था। अब अग्नि के उपासक इस मांसाहारी घांडी ने अपने उपनाम की वर्तनी फर्जी तरीके से परिवर्तित कर दी। वे गांधी बन गए। बापू से रिश्ता दर्शाना ही मकसद था। नैतिकता का तकाजा है कि राहुल अपना उपनाम घांडी लिखते, न कि गांधी।



इन्दिरा गांधी की लोकसभाई 1978 में निरस्त हुई थी!

अब पोते की भी मेंबरी गई!

गनीमत रही कि राहुल गांधी को जब कल (23 मार्च 2023) जेल की सजा सूरत की कोर्ट ने सुनाई तो देश में सोनिया-कांग्रेस की सरकार नहीं थी। वर्ना क्या हो जाता ? राष्ट्र में आपातकाल घोषित हो जाता। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरीश हसमुखभाई वर्मा पर सीबीआई बैठा दी जाती। रातों-रात मीडिया घरों की बिजली काट दी जाती। प्रेस सेंसरशिप थोप दिया जाता। आजादी से चहकते, मटकते रिपोर्टरों को घर में अथवा कारागार में नजरबंद कर दिया जाता। पुलिस को कोरे वारंट (गिरफ्तारी के) दे दिए जाते। सिर्फ नाम भरना पड़ता। संसद गूंगी बना दी जाती। प्रश्नकाल खत्म कर दिया जाता। अतीक, मुख्तार आदि को कांग्रेस का सदस्य बना दिया जाता ताकि आलोचकों को ठोक सकें। मीसा कानून फिर रच कर बिना जमानत के जेल भेज दिया जाता। हाई कोर्ट को प्रतिबंधित कर दिया जाता कि वे व्यक्तिगत स्वतंत्रता के कानून पर याचिकायें नहीं सुनें। जो बोले सो वो जेल में। अर्थात कुल मिलाकर देश पर एक अकेली पार्टी का राज लाद दिया जाता। ऐसा 1975-77 में हो चुका है। आकाशवाणी को सोनियावाणी बना दिया जाता। काका संजय गांधी की तरह केवल युवराज राहुल गांधी का सिक्का ही दिल्ली में चलता। उन्हीं के नाम पर खुत्बा पढ़ा जाता। उपरोक्त सारे कदम इंदिरा गांधी सरकार ने 25 जून 1975 को उठाए थे। सिर्फ अटल बिहारी वाजपेई लंबे पैरोल पर थे। शेष सभी विरोधी जन, इस पत्रकार को मिलाकर, सीखचों के पीछे थे। बैंगलौर में कैदी तब मैं था।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दत्तात्रेय होसबोले भी। जिन कैदियों ने माफीनामा पर दस्तखत किए या कांग्रेस का सदस्यता फार्म भरा हो उन्हें बिना शर्त रिहा कर दिया गया था। आज भारत बच गया, उसी अधिनायकवाद की पुनरावृति से।

# विद्यार्थी का प्रताप और कानपुर

**योगेश कुमार गोयल**

**महान** पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी के लेखों में गजब की ताकत थी। उनकी कलम ने ब्रिटिश हुकूमत की नींद हराम कर दी थी। जब उनकी कलम चलती थी तो अंग्रेजों की जड़ें हिल जाती थीं। उनकी लेखनी से ब्रिटिश सरकार इस कदर भयभीत रहती थी कि क्रांतिकारी लेखन के लिए उन्हें पांच बार सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा दी गई। वह स्वयं तो एक उच्च कोटि के पत्रकार थे ही, उन्होंने अनेक युवाओं को लेखक, पत्रकार तथा कवि बनने की प्रेरणा दी। कांग्रेस के विभिन्न आन्दोलनों में भाग लेने तथा ब्रिटिश सत्ता के अत्याचारों के विरुद्ध प्रताप में निर्भीक लेख लिखने के कारण वे पांच बार जेल गए। जब भी उन्हें अंग्रेज सरकार गिरफ्तार करती तो उनकी अनुपस्थिति में प्रताप का संपादन माखनलाल चतुर्वेदी तथा बालकृष्ण शर्मा नवीन सरीखे साहित्य के दिग्गज संभाला करते थे। उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के अतरसुइया मोहल्ले में 26 अक्टूबर, 1890 को शिक्षक जयनारायण के घर जन्मे विद्यार्थी जी की प्रारम्भिक शिक्षा उर्दू तथा अंग्रेजी में हुई। इलाहाबाद में शिक्षण के दौरान ही उनका झुकाव पत्रकारिता की ओर हुआ। हिन्दी साप्ताहिक कर्मयोगी के सम्पादन में वे पंडित सुन्दर लाल की सहायता करने लगे। कानपुर में अध्यापन के दौरान उन्होंने कर्मयोगी सहित कई और अखबारों में लेख लिखे और पत्रकारिता के जरिये स्वाधीनता आन्दोलन से गहरे जुड़ गए। कुछ समय बाद उन्होंने पत्रकारिता, सामाजिक कार्यों तथा स्वाधीनता आन्दोलन से जुड़ाव के चलते विद्यार्थी उपनाम अपना लिया। इस तरह वो गणेश शंकर से गणेश शंकर विद्यार्थी हो गए। उनकी उत्कृष्ट लेखन शैली से प्रभावित होकर हिन्दी पत्रकारिता जगत के पुरोधा पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 1911 में अपनी साहित्यिक पत्रिका सरस्वती में उप सम्पादक के पद पर कार्य करने का प्रस्ताव दिया। विद्यार्थी जी को ज्वलंत समाचारों, समसामयिक तथा राजनीतिक विषयों में ज्यादा दिलचस्पी थी, इसलिए उन्होंने इस प्रस्ताव को स्वीकारने के बजाय महामना पं. मदन मोहन मालवीय के हिन्दी साप्ताहिक अभ्युदय में नौकरी करनी शुरू कर दी। नौ नवम्बर, 1913 को उन्होंने एक क्रांतिकारी पत्रकार के रूप में कानपुर से स्वयं प्रताप नामक पत्रिका निकालनी शुरू कर की। प्रताप के जरिये विद्यार्थी जी किसानों, मजदूरों और ब्रिटिश अत्याचारों से कराहते गरीबों का दुख-दर्द उजागर करने लगे। ब्रिटिश शासनकाल की उत्पीड़न और अन्याय की क्रूर व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना उनकी पत्रकारिता का सबसे महत्वपूर्ण अंग था, जो ब्रिटिश हुकूमत को फूटी आंख न सुहाया और इसीलिए अपनी इसी क्रांतिकारी पत्रकारिता का खामियाजा उन्हें कई मुकदमों, भारी जुर्माने और कई बार जेल जाने के रूप में भुगतना पड़ा। 1920 में उन्होंने प्रताप का दैनिक संस्करण शुरू कर दिया। प्रताप मूलतः किसानों, मजदूरों और पीड़ितों का हिमायती समाचारपत्र बना रहा। उन्होंने प्रताप के अलावा प्रभा नामक एक साहित्यिक पत्रिका तथा एक राजनीतिक मासिक पत्रिका का भी प्रकाशन किया। जनवरी 1921 में रायबरेली के एक ताल्लुकदार सरदार वीरपाल सिंह ने किसानों पर गोलियां चलवा दीं। प्रताप के संपादक के रूप में गणेश शंकर विद्यार्थी ने इस घटनाक्रम का पूरा विवरण अपने अखबार में छापा। इसके लिए उन पर तथा प्रताप छापने वाले शिवनारायण मिश्र पर मानहानि का मुकदमा दर्ज किया गया और उन्हें जेल हो गई। 16 अक्तूबर 1921 को विद्यार्थी ने स्वयं गिरफ्तारी दी और 22 मई 1922 को जेल से रिहा हुए। जेल में रहते हुए उन्होंने एक डायरी लिखी और रिहाई के बाद उन्होंने उसी पर आधारित जेल जीवन की झलक नामक एक ऐसी श्रृंखला छापी, जिसे अत्यधिक पसंद किया गया और प्रताप के साथ पाठकों का काफिला जुड़ता गया। उसके बाद तो अंग्रेजों ने उन्हें वक्त-बेवक्त लपेटने का कोई अवसर नहीं छोड़ा, लेकिन विद्यार्थी अपने क्रांतिकारी विचारों से जरा भी नहीं डिगे। जेल से रिहाई के कुछ ही समय बाद भड़काऊ भाषण देने के आरोप में उन्हें ब्रिटिश सरकार द्वारा फिर गिरफ्तार कर लिया गया और 1924 में तब रिहा किया गया, जब उनका स्वास्थ्य बहुत खराब हो गया। 1925 में राज्यसभा विधानसभा चुनाव में वे कानपुर से चुने गए और कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की स्वागत-समिति के प्रधानमंत्री भी नियुक्त हुए लेकिन 1929 में उन्होंने पार्टी की मांग पर त्यागपत्र दे दिया, जिसके बाद वे 1930 में उत्तर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष चुन लिए गए और उन्हें प्रदेशभर में सत्याग्रह का नेतृत्व करने की अहम जिम्मेदारी दी गई।

## इज्जत का दरवाजा

**डॉ. सुरेश**

**उसके** घर बैंक वाले आए थे। लोन देने के लिए नहीं वसूलने के लिए। बहुत देर की जिरह के बाद उन्होंने उसके घर का दरवाजा उखाड़ दिया। उसे अपने साथ ले जाने लगे। मुझे लगा हो न हो इस दरवाजे में कुछ खास है। इतने दिन उसके घर आया गया हूँ उधारी में बहुत सारी चीजें ली भी हैं, लेकिन कभी दरवाजे पर ध्यान नहीं दिया। लंबवत आयताकार वाला दरवाजा सागवान की लकड़ी का बना हुआ था। एक अरसा हुआ उसे रंगे हुए लेकिन अभी भी मजबूत था। बैंक वाले दरवाजा क्या ले गए मानो उसकी जान ले गए। घर वाले छाती पीट-पीटकर रोने-बिलखने लगे। ये पुरानी चीजें भी कब कूड़ा-कचरे की कैटगरी से उठकर मीठी यादें बन जाती हैं, पता ही नहीं चलता। पुरानी चीजों का तिरस्कार बड़ा दुखदायी होता है, क्योंकि हर एक नई चीज कभी न कभी पुरानी पड़ती ही है। नए के चक्कर में पुराने से मुँह मोड़ना संवेदना की कमी का प्रतीक है। मैंने उससे पूछा कि बैंक वाले दरवाजा क्यों ले जा रहे हैं? तो उसने रोते हुए कहा झ क्या बताऊँ तुम्हें कि मुझ पर क्या बीत रही है? मैंने बैंक वालों से एक लाख रुपए का कर्जा लिया था। कर्जा देते समय उन्होंने मुझे मुस्कुराते हुए लाख हिदायतें दी थीं कि समय पर कर्जा चुका देना। वरना ब्याज बढ़ने का चक्कर हमेशा बना रहता है। ब्याज और लड़की देखते-देखते बढ़ जाते हैं।

मैं फसल के भरोसे था। असमय बरसात के चलते सारी फसल बर्बाद हो गई। सरकार ने इस नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दिया। उसमें मैं नहीं था। वह क्या था कि उनकी नजर में गरीबों की फसल कभी बर्बाद नहीं होती, होती है तो केवल अमीरों की। मुआवजा अमीरों को मिला और मुझे लानत।

## फटाफट खबरें

### एडी स्वास्थ्य के आदेश की अवहेलना कर रहे डॉ ऋषि

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ सुधीर शर्मा ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण चित्रकूटधाम मंडल बांदा के अपर निदेशक को लिखे पत्र में कहा है कि परामर्श दाता/फिजीशियन डॉ ऋषि कुमार ने अभी तक जिला अस्पताल में योगदान नहीं दिया है।

शुक्रवार को अपर निदेशक को लिखे पत्र में सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा ने कहा कि अपर निदेशक ने 29 नवम्बर 2022 को डॉ ऋषि कुमार को जिला अस्पताल में सीएमएस के अधीन कार्य करने का आदेश दिया था। 29 नवम्बर 2022 के आदेश को निरस्त कर छह मार्च 2023 को डॉ ऋषि कुमार को निर्देश दिये थे कि तत्काल तैनाती स्थल में योगदान देकर सेवायें देना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि डॉ ऋषि कुमार ने इस आदेश के बाद भी आज 24 मार्च तक जिला अस्पताल में योगदान आख्या नहीं दी है। इस बाबत उन्होंने अपर मुख्य सचिव, सचिव एवं महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य लखनऊ व जिलाधिकारी तथा सीएमओ को भी प्रतिलिपि भेजी है।

### बालक-बालिकाओ में दूर करें विषमता: अतुलदत्त तिवारी, सेल्फ स्ट्रीम एंड बाडी कांन्फिडेन्स प्रशिक्षण का दूसरा दिन



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा उप्र के आदेश पर बीआरसी में दूसरे दिन सेल्फ स्ट्रीम बाड़ी कांफिडेंस प्रशिक्षण में चर्चा की गई कि आदर्श रूप की परिभाषा कैसे बदलती है। आदर्श रूप में मीडिया की क्या भूमिका है।

शुक्रवार को बीआरसी चित्रकूट में आदर्श रूप के इतिहास को छह ग्रुपों में बांटा गया। प्रत्येक ग्रुप से मंच पर प्रेजेंटेशन हुआ। सेल्फ स्ट्रीम एंड बॉडी कॉन्फिडेंस प्रोजेक्ट किशोर-किशोरी सशक्तिकरण को समग्र शिक्षा अभियान के नवाचार की बाबत खंड शिक्षाधिकारी अतुल दत्त तिवारी ने कार्यशाला में कहा कि सभी प्रतिभागी मौजूद रहें। ऑनलाइन मॉनिटरिंग सीमैट प्रयागराज कर रहा है। प्रत्येक शिक्षक बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करें। अपने-अपने विद्यालयों में लागू करें।

प्रशिक्षण के संदर्भ दाता राजेश कुमार, जानकीशरण त्रिपाठी, गिरीश कुमार मिश्र ने आदर्श रूप रंग की तुलना की। शिक्षक-शिक्षिकाओं का दायित्व है कि अपने विद्यालयों में बालक-बालिकाओं की विषमता दूर करें। प्रशिक्षक राजेश कुमार, गिरीश कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण में कंप्यूटर प्रोजेक्टर से विभिन्न गतिविधियों को दिखाया जा रहा है। इस मौके पर राजेश कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ लिपिक प्रशांत केसरवानी, कृष्ण गोपाल, रामकृष्ण सिंह पटेल, शिवनरेश सिंह, संपूर्ण बीआरसी स्टाफ विद्यासागर सिंह, शिक्षक प्रेमचंद शिवहरे, अर्चना गुप्ता, सत्येंद्र सिंह, राम प्रकाश सिंह, सुनील कुमार वर्मा, दिलीप सिंह, उपेन्द्र शर्मा, कमलेश सिंह, धर्मराज शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### प्रधान की दबंगई, निदेर्शों को दिखा रहा ठेंगा, कर्वी ब्लाक के तरांव गांव का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक के तरांव गांव के प्रधान की दबंगई से मनरेगा में सीसी रोड के ऊपर इंटरलॉकिंग खडंजा निर्माण कराया जा रहा है। गांव के आमोद के घर से नत्थू के घर तक 3.83 लाख की लागत से सीसी रोड के ऊपर खडंजा निर्माण कार्य किया जा रहा है। बालकेश, कुबेर और राजबहादुर के घर से टिर्रा के घर तक 6.36 लाख की लागत से पत्थर के खडंजे के ऊपर इंटरलाकिंग खड़ंजा निर्माण हो रहा है।

कर्वी ब्लाक के तरांव गांव में ये खुलासा शुक्रवार को हुआ। बताया गया कि नत्थू वर्मा के घर से रामप्रसाद और चिपुईं के घर तक 5.18 लाख की लागत से पत्थर के खडंजे पर इंटरलाकिंग खड़ंजा निर्माण किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि कुछ जगहों के पत्थर के खड़ंजे निकलवाकर प्रधान ने अपने घर में रखवा लिए हैं। प्रधान इन निर्माण कार्यों का भुगतान कराने की तैयारी में जुटा है। इससे पहले भी प्रधान ने वन विभाग की जमीन पर इंटरलॉकिंग खडंजा का निर्माण कराकर भुगतान कराया है। प्रधान सरकारी निदेर्शों को ठेंगा दिखा रहा है। मनमानी ढंग से कार्य करवा रहा है। दबंग ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधि के आगे सभी बौने नजर आ रहे हैं। प्रधान के कार्यों की जांच की मांग ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से की है।

### दबंग प्रधान के शोषण की शिकार हुई नाबालिग, मामले को रफादफा कर रही पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के गनीवा चैकी के एक गांव में प्रधान के शोषण का शिकार हुई नाबालिग लड़की का मामला प्रकाश में आया है। शुक्रवार को प्रधान ने नाबालिग लड़की से छेड़खानी की है। पीड़ित परिजनों ने चैकी प्रभारी गनीवा को तहरीर दी है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पुलिस ने पीड़िता के परिजनों व प्रधान के बीच सुलह समझौता करा दिया है। प्रधान के आगे बेबस पीड़िता के परिजनों की किसी ने गुहार नहीं सुनी। थक हारकर परिजन समझौते को मजबूर हुए हैं। दबंग प्रधान ने आठ मार्च को होली के दिन घटना अंजाम दी थी। पुलिस प्रशासन के महिला सुरक्षा के दावों की पोल खोल दी है। जिम्मेदार चैकी प्रभारी व थाना प्रभारी ऐसे मामलों को रफादफा कर देते हैं। नाबालिग लड़की के साथ हुई छेड़खानी के मामले को आखिर क्यों दबाया जा रहा है। क्या चंद पैसों के लिए कानून व्यवस्था ध्वस्त हो जायेगी। पुलिस अधीक्षक से मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाही की मांग की गई है।

--------------------

## सीआईसी में 80 फीसदी उत्तर पुस्तिकाओं का हुआ मूल्यांकन: रणवीर सिंह चौहान

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में चल रहे हाईस्कूल व इंटरमीडिएट कॉपियों का 80 फीसदी मूल्यांकन पूरा हो चुका है। सात दिनों में 132296 के सापेक्ष कुल 114796 कॉपियों का मूल्यांकन हुआ है। उप नियंत्रक डॉ रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल में 79793 और इंटर में 52503 पुस्तिकाओं कुल 132296 का मूल्यांकन होना है। सात दिन में अब तक हाई स्कूल में 73145 इंटर में 41651 कापियों का मूल्यांकन हो चुका है। जबकि हाईस्कूल में 6648 इंटर में 10852 कुल 17500 कापियां अभी शेष हैं। इसके लिए हाईस्कूल में 33 और इंटर में 20 टोली बनाई गई हैं।

शुक्रवार को उप नियंत्रक/सीआईसी प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि मूल्यांकन को 257 परीक्षक और 33 डिप्टी हेड हाईस्कूल में तथा इंटर में 125 परीक्षक और 20 डिप्टी हेड लगाए गए हैं। मुख्य नियंत्रक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने उप नियंत्रक डॉ रणवीर सिंह चैहान के साथ मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने उत्तर पुस्तिकायें खुद देखी। कई छात्र पूर्णांक में पूर्णांक पा रहे हैं। उनकी कॉपियां डीआईओएस खुद देख रहे हैं। जो कमियां थीं आवश्यक निर्देश दिए। डीआईओएस ने कहा कि हाई स्कूल के परीक्षक प्रतिदिन 50 और इंटर के परीक्षक प्रतिदिन 45 कॉपियां ही जांच रहे हैं। शासन ने मूल्यांकन कार्य में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। शासन का मानना है कि यह कार्य विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा है। प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं। सीआईसी मूल्यांकन केंद्र में स्टैटिक मजिस्ट्रेट के बतौर खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र पटेल एवं पर्यवेक्षक शारदा प्रसाद गुप्त को मुस्तैद किया है। उन्हीं की मौजूदगी में कोठार से कॉपियों का वितरण उपप्रधान परीक्षकों को किया जाता है। मूल्यांकन कार्य की व्यवस्था में राजेश सिंह प्रधानाचार्य, राकेश प्रताप सिंह, मुख्य अनुशासन अधिकारी फूलचंद चंद्रवंशी आदि का योगदान है। परीक्षा प्रभारी डॉ श्री निवास त्रिपाठी के साथ अवार्ड ब्लैंक के रखरखाव की जिम्मेदारी हाई स्कूल में डॉक्टर आलोक शुक्ला और इंटर में डॉक्टर रमेश कुमार सिंह चंदेल प्रभारी बनाए गए हैं। जबकि कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में प्रवीण त्रिपाठी, वीरेंद्र गर्ग, दीपक कुमार, रमेश कुमार, पवन कुमार और राम गोपाल दुबे, शैलेंद्र कुमार जिम्मेदारी निभा रहे हैं। हाईस्कूल कोठार में जय शंकर ओझा, सुधीर कुमार पांडे, हरिओम सिंह, विनय त्रिपाठी इंटर कोठार में विजय पांडेय, रमेश कुमार राय, ललक सिंह यादव मौजूद रहे।

## मोटे अनाज खायें, रहें स्वस्थ्य: अशोक जाटव

### मोटे अनाजों के प्रोत्साहन को लगा मेला

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मोटे अनाजों के प्रोत्साहन को जनसेवा इंटर कालेज में मेले का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव व मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने किया।

शुक्रवार को मोटे अनाजों के प्रोत्साहन को जनसेवा इंटर कालेज में लगे मेला में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि व्यक्ति के जीवन और अच्छे स्वास्थ्य के लिए मोटे अनाज का प्रयोग बहुत जरूरी है। मोटे अनाज खाने से बीमारियां नहीं होती। आधुनिकता में लोग मोटे अनाज को खाना भूल गये हैं। इसीलिए बीमारियों से ग्रसित हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2023 को श्री अन्न वर्ष घोषित कर सभी को बीमारियों से बचाने को मोटे अनाज खाने का आवाहन किया है। मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने कहा कि मोटे अनाज खाने से पेट साफ रहता है। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि मोटे अनाज को छोडकर गेंहू, चावल पैदा करने के क्षेत्र में रासायनिक खाद्य का प्रयोग पूरे विश्व में किया जाता है। इससे कैंसर के रोगी बढते जा रहे हैं। मोटे अनाजों का प्रयोग स्वास्थ्य के लिए वरदान है।

एडीएम कुंवर बहादुर सिंह ने अतिथियों का स्वागत कर कहा कि मोटे अनाजों के प्रयोग से बीमारियां नहीं होती। नगर पालिका चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने मोटे अनाज खाने का आवाहन किया है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि एक समय था कि गेंहू की जगह बाजरा की रोटी बनती थी। सब लोग सांवा, कोदो, काकुन खाते थे और हस्ट-पुष्ट रहते है। इस मौके पर भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी, ओमप्रकाश साहू, गुलाब गुप्ता, शिवपूजन गुप्ता, अनिल गुप्ता, जुगराज केशरवानी, सतीश मिश्रा, भरतलाल जायसवाल, प्रमोद केशरवानी, सोनू, बच्चा, दुर्गा, मिलन सोनकर आदि मौजूद रहे। गनीवा कृषि फार्म से आये वैज्ञानिक ममता पाण्डेय, अश्वनी दुग्गल, डॉ शिवशंकर सिंह, जिला खाद्य औषधि प्रशासन के अधिकारी डॉ सीआर प्रजापति, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह, लालजीत यादव, झंकार सिंह, सुमित पाण्डेय, श्रीकान्त गुप्ता, सूर्यकान्त वर्मा, सचिन अग्रवाल ने मोटे अनाज के प्रयोग पर जोर दिया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड नाटक पेश किये। जादूगर प्रभाकर शुक्ला ने मोटे अनाजों पर आधारित प्रस्तुति दी। संचालन शिक्षक साकेतबिहारी शुक्ला ने किया।

## डीएम के निर्देश पर पालिका ने शुरू कराई मन्दाकिनी सफाई

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देश पर गंदगी से बजबजा रही मन्दाकिनी घाटों की सफाई का नगर पालिका ने अभियान शुरू किया है। शुक्रवार को एडीएम, एसडीएम, पर्यटन अधिकारी, सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता, ईओ नगर पालिका समेत तमाम अधिकारी रामघाट पहुंचे।

शुक्रवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने जिलाधिकारी की पहल का स्वागत करते हुए बताया कि नयागांव रपटा से लेकर बूडे हनुमान मंदिर तक मन्दाकिनी नदी गंदगी से कराह रही थी। शुक्रवार को तमाम प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घाटों में गंदगी देखी। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देश पर नगर पालिका ईओ लालजी यादव की अगुवाई में पालिका के एसआई कमलाकांत शुक्ला की सफाई टीम ने नदी मे सफाई का अभियान छेडा। डीएम ने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए हैं कि पोकलैण्ड मंगाकर नदी के बीच में बने टीले को हटाने और खुदाई करायें। नयागांव रपटा से लेकर बूडे हनुमानजी के बीच बने नए घाट गंदगी की वजह से बेकार रहते हैं। अब जिलाधिकारी ने इस घाट को नहाने लायक बनाने की मुहिम छेड दी है। शुक्रवार को एडीएम कुवर बहादुर सिंह, एसडीएम राजबहादुर, पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, ईओ नगर पालिका लालजी यादव, पालिका एसआई कमलाकांत शुक्ला, आरआई राहुल पांडेय मौके पर पहुंचे। इसके अलावा मौके पर समाजसेवी अरुण गुप्ता, राकेश केशरवानी और बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह समेत तमाम अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## उत्साह से मनी झूलेलाल की जयंती

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** सिंधियों के प्रमुख पर्व झूलेलाल जयंती चेटीचन्द के मौके पर सिंधी समाज के लोगों ने ट्राफिक चैराहे पर स्टाल लगाकर लोगों के बीच शर्बत पिलाया। समाज के लोगों ने लोगों को प्रसाद भी बांटा।

शुक्रवार को भारतीय सिंधी समाज के जिलाध्यक्ष राजीव लखानी की अगुवाई में सिंधी समाज के लोगों ने नगर में भव्य ढंग से झूलेलाल की शोभायात्रा निकाली। शोभा यात्रा में युवक-युवतियों ने जमकर नाच-गाना किया। श्रद्धा पूर्वक झूलेलाल की जयंती मनाई गई।

सिंधी समाज के लोगों ने ट्राफिक चैराहे पर झूलेलाल की जयंती पर स्टाल लगाकर लोगों के बीच शर्बत व प्रसाद बांटा। इस मौके पर राजीव लखानी, ठाकुर दास, किशोर, प्रदीप, कालू, कुक्कू, लाली, लेखराज, ऋषि, मुनि, बस्तानी, साधूराम, श्यामलाल, कमल, मिश्री, पुस्सू, वन्दना, लैला, सीमा, राधिका, कविता, भावना, दामिनी आदि ने उत्साहपूर्वक झूलेलाल की जयंती मनाई।

## न्यूज झरोखा

### 25 को मोटे अनाजों को प्रोत्साहित करने को लगेगा मेला: राजकुमार

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** उपनिदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि परम्परागत कृषि विकास योजना के तहत जैविक खेती को बढावा देने को किसानों को जागरूक करने की गरज से जिला स्तरीय एक दिवसीय जैविक मेला एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना का रोड शो 25 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे किया जायेगा।

शुक्रवार को उपनिदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि 25 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे राष्ट्रीय रामायण मेला सीतापुर में मोटे अनाजों की फसलों को प्रोत्साहित करने की गरज से ये मेला लगाया जा रहा है। मेले में कृषि एवं अन्य विभागों से संचालित योजनाओं के तहत दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी जायेगी।

उन्होंने बताया कि मोटे अनाजों की बाबत अनुदान के बारे में भी किसानों को जागरूक किया जायेगा तथा तकनीकी जानकारी दी जायेगी। संबंधित अधिकारी अपने-अपने विभागों के स्टाल/प्रदर्शनी लगायें।

### तमंचे के साथ इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाना पड़ा भारी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मिजार्मुराद। तमंचे** के साथ खुद का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल करने वाले एक युवक को मिजार्मुराद पुलिस ने तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है।

मिजार्मुराद थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत ने बताया कि मिजार्पुर जिले के अहरौरा थाना अंतर्गत राजगढ़ क्षेत्र के खटकरिया गांव निवासी सोनू दुबे प्रतापपुर (मिजार्मुराद) गांव में एक रिश्तेदारी में कुछ दिन से रह रहा था। करीब तीन दिन पूर्व सोनू ने तमंचे के साथ अपना वीडियो बनाया और उसे इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया।

इसकी जानकारी मिजार्मुराद पुलिस को हुई तो पुलिस ने सोनू की तलाश शुरू कर दी।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार की रात भीखीपुर तिराहे से घेराबंदी कर तमंचे के साथ सोनू को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत, चौकी प्रभारी खजुरी रविकांत चौहान, एसआई राजकुमार चौहान, कांस्टेबल प्रवीण यादव रहे।

### पंचायत जल जागरूकता चौपाल एवं जल जागरूकता कक्षा का आयोजन

**जलेसर। विश्व ज**ल दिवस के उपलक्ष्य में जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकास खंड जलेसर की ग्राम पंचायत जमो में पंचायत जल जागरूकता चौपाल एवं जल जागरूकता कक्षा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह ने की जिसमें उपस्थित जनसमुदाय एवं छात्र-छात्राओं को जल की स्थिति उपयोगिता और महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई

साथ ही जल संरक्षण, जल संचयन, जल के उचित प्रयोग, नदियों का महत्व एवं संरक्षण दूषित जल से होने वाली बीमारियाँ एवं दूषित जल का उचित निपटान आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जल जागरूकता मार्च भी किया गया। कार्यक्रम में डी. पी. एम. यू के आई. एस. ए कोर्डिनेटर अजीत सिंह, आई. एस. ए. स्टूडेंट रिलीफ सोसायटी के टीम लीडर प्रशान्त पाठक, क्लस्टर कोर्डिनेटर श्री मती शर्मा, राहुलषेक आर्य, वीरेश कुमार, फील्ड सुपरवाइजर अरसद आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व विधायक ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दिया प्री स्कूल किट

**मिजार्मुराद।** सेवापुरी ब्लॉक के अमिनी गांव में गुरुवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के निर्देशन पर आंगनवाड़ी क्रेंद्र को सुदृढ़ीकरण करने हेतु नंद घर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से सात आंगनबाड़ी केंद्रों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री स्कूल किट पूर्व विधायक रोहनिया सुरेन्द्र नारायण सिंह व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे आयुष जायसवाल के हाथों सामग्री वितरण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया उसके पश्चात गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन कराने के साथ मोटे अनाज से बने विविध सामग्री का अवलोकन किए।पूर्व विधायक ने गर्भवती महिलाओं तथा समूह की महिलाओं को मोटा अनाज खाने हेतु प्रेरित करने के साथ बोले कि हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में फाइबर का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है।

राज्यमंत्री के प्रतिनिधि आयुष जायसवाल ने समूह के महिलाओं को बताया की हमारे पूर्वज 16 संस्कार करते थे उनमें से प्रमुख संस्कार गोद भराई, अन्नप्राशन होता था जिसको बाल विकास विभाग बहुत अच्छे से करा रहा है।हम सभी को 16 संस्कार पूर्ण करने परंपरा को जीवित रखना है।बच्चों की मां से कहा कि अगर अपने बच्चों की देखभाल गर्भ से करती है तो अच्छे संस्कार मिलता है।

कार्यक्रम की नोडल अंतराष्ट्रीय एथलीट नीलू मिश्रा (सुपरवाइजर आईसीडीएस) ने कहा कि स्वस्थ बच्चों से ही स्वस्थ देश के निर्माण संभव है।इस दौरान कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अनिल कुमार सोनकर, एसबीआई बैंक के डिप्टी मैनेजर संजीव खन्ना, नोडल सुनीता मौर्या, प्रदीप सिंह, एसएचजी ग्रुप की सदस्य मंजू देवी, रीमा सिंह, विकास दुबे, श्याम शर्मा सहित दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद रहे।

### जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की सराहनीय रूप से बढ़ रही है भूमिका: जिलाधिकारी

**बिजनौर। जिलाधिकारी** उमेश मिश्रा ने कहा कि स्त्री राष्ट्र शक्ति का अभिन्न अंग होती है, जिसे सशक्त और स्वलाम्बि बनाए बिना कोई भी राष्ट्र शक्तिशाली नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि नारी की सुदृढ एवं सम्मानजनक स्थिति एक उन्नत, समृद्व तथा मजबूत समाज की द्योतक है। उन्होंने कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका सराहनीय रूप से बढ़ रही है।

आज महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अपना योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि कमजोर समझे जाने वाली महिलाएं आज कठिन माने जाने वाले क्षेत्रों में भी अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रही है, यह उनकी नारी शक्ति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा स्वच्छता सहित अन्य सामाजिक क्षेत्र में भी महिलाओं को प्रोत्साहित करने और उनकी भागीदारी बढाने के लिए प्रदेश सरकार के निदेर्शों के अनुपालन में नवदेवी सम्मान समारोह का आयोजन कर जिले स्तर पर नवरात्री पर्व तक सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत दिनांक 30 मार्च तक स्वच्छत्सव अभियान 2023 भी चलाया जाएगा जिसमें महिलाओं की मुख्य भागीदारी होगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वि/रा अरविन्द कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार तथा राजस्व से संबंधित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### शहीदों का बलिदान सदेव मार्ग प्रशस्त करता रहेगा : राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

**गाजियाबाद। केन्द्रीय** आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में अमर शहीद भगत सिंह,राजगुरु, सुखदेव के बलिदान दिवस पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि अमर शहीदों का बलिदान सदियों तक समाज का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा।

## नेपाल में महिलाओं की जनसंख्या पुरुषों से अधिक

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने आज (शुक्रवार) जनगणना रिपोर्ट-2021 जारी कर दी। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने जनगणना के परिणामों की घोषणा की। इस रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल में महिलाओं की जनसंख्या पुरुषों से अधिक है। सांख्यिकी कार्यालय के मुताबिक साल-2011 में देश की कुल जनसंख्या 2,91,54,578 में 1 करोड़ 42 लाख 53 हजार 551 पुरुष और एक करोड़ 49 लाख 11 हजार 27 महिलाएं हैं। पुरुष प्रतिशत 48.98 और महिला प्रतिशत 51.02 है। लिंगानुपात की दृष्टि से 100 महिलाओं पर 95.51 पुरुष हैं। अन्य जेंडर की जनसंख्या 2,928 है।

## ब्रिटेन में चीन के टिक टॉक पर शिकंजा

**लंदन।** ब्रिटेन में चीन के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया ऐप टिक टॉक पर शिकंजा कसने लगा है। नए प्रतिबंधों में इसे संसदीय उपकरणों और नेटवर्क से ब्लॉक करने का फैसला किया गया है। सरकार के इस फैसले पर हाउस ऑफ कॉमंस और हाउस ऑफ लॉर्ड्स के आयोगों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। दोनों ने घोषणा की है कि साइबर सुरक्षा जरूरी है। इसलिए आधिकारिक उपकरणों से इसे बाहर यानी ब्लॉक कर दिया जाएगा।

## नौकरी का आवेदन कर सकेंगे पर्यटन-व्यापार वीजाधारक, नौकरियों की अर्जी के साथ साक्षात्कार में हो सकेंगे शामिल

**वाशिंगटन।** हर साल विदेशों से अमेरिका जाकर नौकरी करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिली है। अमेरिका ने घोषणा की है कि व्यापार या पर्यटन वीजा (बी-1 और बी-2) पर देश की यात्रा करने वाले लोग अमेरिका में न सिर्फ नई नौकरियों के लिए आवेदन कर सकते हैं, बल्कि साक्षात्कार में भी शामिल हो सकते हैं। हालांकि, ऐसे वीजा धारकों को नई नौकरी शुरू करने से पहले अपना वीजा बदलवाना जरूरी होगा। अमेरिकी संघीय निकाय यूएससीआईएस (अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा) ने एक ट्वीट में बताया कि जब गैर-अप्रवासी कर्मी को नौकरी से हटाया जाता है तो उसे विकल्पों का पता नहीं होता है। वह मान लेता है कि उसके पास 60 दिनों में देश छोड़ने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। अमेरिका में नौकरी छूटने पर 60 दिनों का ग्रेस पीरियड अगले दिन से ही शुरू होता है, जो आमतौर पर अंतिम दिन के आधार पर निर्धारित किया जाता है। जब कर्मचारी का रोजगार अनैच्छिक रूप से खत्म हो जाता है तो वे आमतौर पर अमेरिका में रहने के पात्र होने पर कई कार्यों में से एक में आवेदन कर सकते हैं। इनमें गैर-अप्रवासी स्थिति में बदलाव के लिए आवेदन, रोजगार प्राधिकरण दस्तावेज के लिए आवेदन या नियोक्ता बदलने के लिए एक याचिका दायर करना आदि है।

**वीजा बदलाव से इन्कार पर देश छोड़ना होगा**

यूएससीआईएस ने कहा, यदि वीजा बदलाव से इन्कार किया गया या नए रोजगार के लिए अपील किए गए कांसुलर अथवा पोर्ट ऑफ एंट्री अधिसूचना के लिए आग्रह किया गया तो व्यक्ति को अमेरिका छोड़ देना चाहिए और नए रोजगार से पहले रोजगार-अधिकृत वर्गीकरण में भर्ती होना चाहिए।

## पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को बचाने के लिए कानून पारित, सड़कों पर विरोध प्रदर्शन जारी

**तेल अवीव।** इस्राइल की संसद ने न्यायपालिका में आमूल-चूल परिवर्तन के लिए प्रस्तावित कई विवादित कानूनों में से पहले कानून को पारित किया। संसद से यह कानून ऐसे समय पारित हुआ, जब सड़कों पर इसके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा, अब देश निरंकुशता की ओर बढ़ेगा। बहरहाल, पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के गठबंधन ने कानून को मंजूरी दे दी है। यह कानून 120 सीटों वाली केसेट (संसद) में 61-47 मतों से पारित हो गया। नया कानून इस्राइली नेता को शासन करने से अयोग्य करार दिए जाने से बचाएगा। उन पर चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों को अनुपयुक्त समझे जाने पर कानूनी बदलाव किए जा सकेंगे। न्यायिक नियुक्तियों के अलावा इसमें संसद को यह अधिकार मिलेगा कि पसंद न आने पर वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भी पलट सकेगी। इसी के विरुद्ध प्रदर्शन और उग्र हो गए हैं। इस्राइल के पूर्व प्रधानमंत्री येर लापिद ने सरकार के इस कदम की आलोचना की और इसे अपमानजनक और भ्रष्ट कानून करार दिया है। लापिद ने कहा कि नेतन्याहू सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने में लगे हैं। बता दें, लंबे समय से चल रहे सरकार विरोधी प्रदर्शनों को नजरअंदाज करते हुए नेतन्याहू ने कथित तौर पर इस्राइल की न्यायपालिका को कमजोर करने की अपनी विवादास्पद योजनाओं को आगे बढ़ाया है। बीते दिनों पीएम नेतन्याहू ने बिल में नरमी की ओर इशारा करते हुए कहा है कि वह समाधान तक पहुंचने के लिए काम कर रहे हैं और दूसरे पक्षों की चिंताओं पर विचार कर रहे हैं। हम पहले ही बदलाव कर चुके हैं।

# संयुक्त राष्ट्र तक पहुंचा राहुल गांधी की सजा का मामला

**न्यूयॉर्क।** सूरत की एक अदालत ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को मानहानि के मामले में दो साल की सजा सुनाई। राहुल पर 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान 'मोदी सरनेम' पर विवादित टिप्पणी करने का आरोप लगा था। इसी मामले में राहुल पर गुजरात के भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने मानहानि का मुकदमा दायर किया था। अब ये मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कांग्रेस समेत विपक्ष के कई दलों ने इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर हमला बोला है। संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन) तक राहुल गांधी की जेल की सजा का मामला पहुंच गया।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता फरहान हक का इस मसले पर बयान आया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दो साल की जेल की सजा और कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ उनकी पार्टी द्वारा अपील करने की खबरों से संयुक्त राष्ट्र अवगत है। फरहान हक ने प्रेस ब्रीफिंग में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, 'मैं कह सकता हूं कि हम राहुल गांधी के मामले से अवगत हैं। हम समझते हैं कि उनकी पार्टी फैसले के खिलाफ अपील करने की योजना बना रही है। इस स्तर पर मैं इतना ही कह सकता हूं।'



**क्या है मामला, जिसमें राहुल को मिली सजा?**

2019 लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक के कोलार में एक रैली में राहुल गांधी ने कहा था, कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है? इसी को लेकर भाजपा विधायक व गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि राहुल ने अपनी इस टिप्पणी से समूचे मोदी समुदाय का मान घटाया है। वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल ने 2019 के आम चुनाव से पहले कर्नाटक के कोलार में आयोजित जनसभा में इस मामले से जुड़ी टिप्पणी की थी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एचएच वर्मा की अदालत ने पिछले शुक्रवार को दोनों पक्षों की अंतिम दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाने के लिए 23 मार्च की तारीख तय की। राहुल इस मामले की सुनवाई के दौरान तीन बार अदालत में पेश हुए। अक्तूबर 2021 में बयान दर्ज कराने के लिए अदालत पहुंचे राहुल ने खुद को निर्दोष बताया था। अब इसी मामले में राहुल को सजा सुनाई गई है।

## भारतीय नागरिक को अमेरिकी अदालत ने सुनाई 188 माह जेल की सजा

**वाशिंगटन।** बाल यौन शोषण को बढ़ावा देने के मामले में एक भारतीय नागरिक को अमेरिका की एक अदालत ने दोषी ठहराया है। अदालत ने दोषी ठहराए गए व्यक्ति को 188 माह जेल की सजा सुनाई है। मूल रूप से भारत के गोवा का निवासी 34 वर्षीय एंजेलो विक्टर फर्नांडिज अमेरिका के एक क्रूज शिप का कर्मचारी है। अमेरिकी न्याय विभाग की जानकारी के अनुसार एंजेलो पर बच्चों के यौन शोषण से संबंधित सामग्री को बांटने का आरोप सिद्ध हुआ है। अमेरिका के न्याय विभाग ने यह जानकारी दी। आरोप है कि एंजेलो ने वर्ष 2022 में डेनियल स्कॉट क्रो नामक व्यक्ति को बच्चों के यौन शोषण से संबंधित 13 वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से भेजे थे। साथ ही उसने अपने संदेश में ये भी कहा था कि वह क्रूज शिप पर यात्रा के दौरान बच्चों के यौन शोषण का भी इंतजाम कर देगा। ये संदेश ही एंजेलो के खिलाफ अहम सबूत साबित हुए। इस मामले में सरकारी वकील ने बताया कि एक अन्य व्यक्ति के साथ भी सोशल मीडिया पर बातचीत के दौरान एंजेलो ने शारीरिक संबंध बनाने के लिए नाबालिग बच्चों के इंतजाम का दावा किया था। सुनवाई में दोषी पाए जाने के बाद अमेरिका के फेडेरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने एंजेलो विक्टर फर्नांडिज को 188 महीने की जेल की सजा सुनाई है। वहीं एंजेलो ने जिस डेनियल स्कॉट क्रो को बाल यौन शोषण से जुड़े वीडियो भेजे थे, उसे बच्चों के साथ यौन शोषण के आरोप में पहले ही दोषी ठहराया जा चुका है। दिसंबर 2022 में अदालत ने उसे 30 साल की सजा सुनाई थी।

***इस मामले में सरकारी वकील ने बताया कि एक अन्य व्यक्ति के साथ भी सोशल मीडिया पर बातचीत के दौरान एंजेलो ने शारीरिक संबंध बनाने के लिए नाबालिग बच्चों के इंतजाम का दावा किया था।***

# संयुक्त राष्ट्र जल सम्मेलन : जल क्षेत्र में बीस लाख करोड़ रुपये निवेश करेगा भारत

**न्यूयॉर्क।** भारत ने जल क्षेत्र में 240 अरब डॉलर से अधिक यानी लगभग 20 लाख करोड़ रुपये निवेश करने का फैसला लिया है। यह जानकारी भारत के जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने संयुक्त राष्ट्र जल सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी।

शेखावत ने जल सुरक्षा सुनिश्चित करने और सभी के लिए स्वच्छ जल व स्वच्छता के सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भारत में किए जा रहे महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों और प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत ने निजी इनोवेटर्स, स्टार्ट-अप्स और जल-उपयोगकर्ता संघों के साथ साझेदारी में सरकारी संसाधनों के माध्यम से जल क्षेत्र में 20 लाख करोड़ रुपये का निवेश का फैसला किया है। इससे भारत में भूजल




स्तर को बेहतर करने की कोशिश होगी और दुनिया के सबसे बड़े बांध पुनर्वास कार्यक्रम को लागू किया जाएगा। भारत स्वच्छता और पेयजल तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए दो प्रमुख मिशनों को लागू कर रहा है। भारत के जल शक्ति मंत्री ने कहा कि देश के अनूठे भूगोल के कारण, भारत दुनिया में भूजल के सबसे बड़े उपयोगकर्ताओं में से एक है। भारत में भूजल स्तर को बहाल करने और ग्रामीण जल सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से मांग और आपूर्ति पक्ष के हस्तक्षेप को जोड़ कर जागरूक समुदाय बनाने के प्रयास हो रहे हैं। जमीनी स्तर पर पानी के उपयोग और संरक्षण पर व्यावहारिक परिवर्तन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ गंगा या नमामि गंगे के लिए भारत के महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय मिशन को हाल ही में मॉन्ट्रियल में आयोजित जैव विविधता सम्मेलन द्वारा प्राकृतिक दुनिया को पुनर्जीवित करने के लिए शीर्ष 10 में से एक कार्यक्रम के रूप में मान्यता दी गई है। इस मिशन ने नदी के पुनर्जीवन, प्रदूषण में कमी, पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण और नदी बेसिन प्रबंधन के समग्र दृष्टिकोण में एक आदर्श बदलाव किया है।

# अमेरिका में कश्मीर पर चर्चा, तारीफ पर बिफरे पाकिस्तानी धक्के मारकर निकाले गए

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कश्मीर पर चर्चा के दौरान भारत सरकार द्वारा कश्मीर में किये जा रहे प्रयासों की तारीफ पर वहां मौजूद पाकिस्तानी बिफर पड़े। आयोजकों ने हंगामा कर रहे पाकिस्तानियों को धक्के मारकर बाहर निकाल दिया। इंटरनेशनल सेंटर फॉर पीस स्टडीज ने अमेरिकी के वाशिंगटन डीसी स्थित प्रेस क्लब में कश्मीर के बदलाव पर चर्चा का आयोजन किया था। इस चर्चा में जम्मू-कश्मीर वर्कर्स पार्टी के अध्यक्ष मीर जुनैद और जम्मू कश्मीर में बारामुला नगर परिषद के अध्यक्ष तौसीफ रैना भी शामिल थे। इन लोगों ने अपने भाषण में केंद्र सरकार द्वारा कश्मीर में किए जा रहे विकास कार्यों और अच्छे बदलावों की तारीफ करनी शुरू कर दी। यह बात वहां मौजूद पाकिस्तानियों को पसंद नहीं आई और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। मीर जब अपनी बात रख रहे थे, तभी कुछ पाकिस्तानी खड़े होकर हंगामा करने लगे। इसके बाद उन्हें



कार्यक्रम से धक्के मारकर बाहर कर दिया गया। इस घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक पाकिस्तानी शख्स बेहद गुस्से में दिख रहा है। उसे कुछ लोग धक्के देकर निकाल रहे हैं। इस दौरान पाकिस्तानी चिल्लाते हुए जाता है कि फ्रीडम ऑफ स्पीच का गला घोंटा जा रहा है। पाकिस्तानी शख्स की इस हरकत का कश्मीर के वक्ताओं ने तुरंत जवाब दिया। वीडियो में वक्ता को कहते हुए सुना जा सकता है कि भगवान तुम्हें सद्बुद्धि दें। पूरे दर्शकों ने आज आपका असली चेहरा देख लिया। हमने कश्मीर में जो देखा, हमने आज वाशिंगटन में जो देखा और आज पूरी दुनिया ने देख लिया कि ये लोग कितने क्रूर हैं। दुनिया देख रही है कि कश्मीर की बर्बादी के पीछे तुम लोग (पाकिस्तानी) ही हो। यही लोग हैं, जो जम्मू-कश्मीर का माहौल खराब करने की कोशिश करते हैं। इसपर हॉल में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठती है।

मीर जुनैद ने कहा कि कश्मीर का शांति, समृद्धि और प्रगति की भूमि के रूप में पुनर्जन्म हुआ है। जम्मू और कश्मीर ने कई बदलाव देखे हैं जो इसे विरोध की स्थिति से एक प्रगतिशील केंद्र शासित प्रदेश में ले गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि हमें अब विवादास्पद बयानबाजी से परे देखना होगा। जो देश वैश्विक मंचों पर दुनिया को बेवकूफ बनाने का ढोल पीट रहे हैं, उनका कश्मीर की शांति, प्रगति और समृद्धि से कोई लेना-देना नहीं है। इस तथ्य को स्वीकार करें कि कश्मीर उनके लिए एक अस्तित्वगत समस्या है और इसीलिए वे कश्मीर में हिंसा की आग जलाए रखना चाहते हैं।

## ब्रिटिश संसद में उठा भारतीय उच्चायोग में तोड़फोड़ का मुद्दा, राजनयिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग

**मथुरा।** ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों द्वारा की गई तोड़फोड़ का मुद्दा उठाया गया। इस दौरान ब्रिटिश सांसदों ने 'खालिस्तानी चरमपंथियों' के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने और भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य बॉब ब्लैकमैन ने जहां हिंसा में शामिल संगठनों पर प्रतिबंध लगाने के उपायों पर सदन में चर्चा करने की मांग की। वहीं, विपक्षी दल लेबर पार्टी के सदस्य गैरथ थॉमस ने हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष से ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उठाने जाने वाले कदमों के बारे में बताने को कहा। कैबिनेट मंत्री पेनी मोर्डंट ने सदन को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली के पहले दिए हुए बयान को दोहराते हुए यहां भारतीय मिशन के आसपास सुरक्षा उपायों की समीक्षा की घोषणा की। उन्होंने सांसदों से कहा, हम लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर हुई तोड़फोड़ और हिंसक कृत्यों की कड़ी निंदा करते हैं। उच्चायोग और उसके कर्मचारियों के खिलाफ इस तरह के कृत्य पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। उन्होंने कहा, उच्चायोग के आसपास सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने के लिए मेट्रोपॉलिटन पुलिस के साथ काम किया जा रहा है और इसके कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव बदलाव किया जाएगा, ताकि वे इस देश और भारत, दोनों की सेवा करते हुए सुरक्षित जीवन व्यतीत कर सकें। बॉब ब्लैकमैन ने कहा कि रविवार को हुआ हमला इतने सालों में छठा बार है जब भारतीय उच्चायोग पर इसी तरह हमला किया गया है। उन्होंने कहा, रविवार को भारतीय उच्चायोग के बाहर खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा की गई गुंडागर्दी इस देश के लिए शर्म की बात है।

# उत्तर कोरिया ने पानी के भीतर हमला करने वाले परमाणु ड्रोन का किया परीक्षण

**प्योंगयांग।** दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त युद्ध अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने एक बार फिर उन्हें चुनौती दी है। उत्तर कोरिया ने पानी के भीतर हमला करने वाले परमाणु ड्रोन का परीक्षण किया है। साथ ही फायरिंग ड्रिल कर चार क्रूज मिसाइल भी दागी हैं। इस समय दक्षिण कोरिया और अमेरिका का संयुक्त युद्धाभ्यास चल रहा है। उत्तर कोरिया का यह ड्रोन इतना खतरनाक है कि इसके हमले से पानी के भीतर टी-



सुनामी लाया जा सकता है। युद्ध के समय दुश्मन की नौसेना को तबाह करने के उद्देश्य से इससे हमला किया जा सकता है। इस परीक्षण के दौरान उत्तर कोरिया के ड्रोन ने 59 घंटे से अधिक समय तक पानी के भीतर भ्रमण किया और शुक्रवार को अपने पूर्वी तट से पानी में विस्फोट कर दिया। अभी उत्तर कोरिया की ओर से ड्रोन की परमाणु क्षमताओं के बारे में विस्तार से नहीं बताया गया है। जानकारी दी गयी है कि पानी के भीतर हमला करने वाले परमाणु ड्रोन को किसी भी तट और बंदरगाह पर तैनात किया जा सकता है या ऑपरेशन के लिए सतह से किसी भी जहाज से खींचकर लाया जा सकता है।

पानी के भीतर हमला करने वाले परमाणु ड्रोन के परीक्षण के अलावा उत्तर कोरिया ने एक अलग से फायरिंग ड्रिल भी की। इसमें सामरिक परमाणु हमलों को अंजाम देने के लिए चार क्रूज मिसाइल दागीं गईं। क्रूज मिसाइलों का परमाणु हथियार के रूप में टेस्ट वारहेड के साथ परीक्षण किया गया। परीक्षण में इन मिसाइलों ने 1,500 से 1,800 किलोमीटर तक की दूरी तय की।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# मानवाधिकारों के लिए नई मुसीबत बना चीन, उइगरों व बलूचों ने उठाई आवाज

**जेनेवा।** चीन पूरी दुनिया में मानवाधिकारों के मामले में नई मुसीबत बनकर उभर रहा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में उइगरों और बलूचों ने चीन के खिलाफ मानवाधिकार हनन के आरोप लगाते हुए आवाज उठाई। इससे पहले चीन ने उइगर मुसलमानों को बोलने से रोकने की कोशिश भी की, किन्तु सफल नहीं हो सका।संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में उइगर कांग्रेस के अध्यक्ष डोल्कन ईसा बोलने के लिए उठे तो चीन ने इसका विरोध शुरू कर दिया। चीनी राजनयिक ने डोल्कन ईसा को चीन विरोधी और अलगाववादी, हिंसक तत्व कहा।इसके बाद अध्यक्ष ने डोल्कन ईसा की जगह अमेरिकी प्रतिनिधि को बोलने के लिए कहा।




अमेरिकी राजनयिक ने डोल्कन ईसा का समर्थन करते हुए कहा कि वक्ता को अपनी बात रखने की अनुमति दी जानी चाहिए। इसी तरह इरिट्रिया के राजनयिक ने भी डोल्कन ईसा का समर्थन किया। अमेरिका और इरिट्रिया द्वारा डोल्कन ईसा का समर्थन करने के बाद, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी ने उइगर कार्यकर्ता को अपनी बात रखने की मंजूरी दे दी। उइगर कांग्रेस अध्यक्ष डोल्कन ईसा ने कहा कि चीन सच्चाई और न्याय से बहुत डरता है। इसी कारण चीन ने उन्हें रोकने की कोशिश की और अलगाववादी तक कहा। ईसा ने कहा वे चीन से अलग होने की मांग नहीं कर रहे हैं। वे शंघाई या बीजिंग की मांग नहीं कर रहे हैं। उनका देश शिनजियांग एक अधिकृत क्षेत्र है और चीन को इसे स्वीकार करना चाहिए। डोल्कन ईसा ने कहा कि चीनी सरकार उइगरों के खिलाफ नरसंहार कर रही है। चीनी सरकार नहीं चाहती कि उइगर का मुद्दा, अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बने। उइगर मुसलमानों से ही नहीं बलूचिस्तान से भी पाकिस्तान के साथ-साथ चीन के खिलाफ आवाज बुलंद हुई है। बलूच वॉयस एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनीर मेंगल ने कहा कि चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा बलूच लोगों के लिए बड़ी चिंता का विषय रहा है। अरबों डॉलर की इस परियोजना को बलूच लोगों को उनकी जमीन से खत्म करने, उनके संसाधनों को लूटने और उनकी आवाज दबाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। बलूच लोग बड़े पैमाने पर विस्थापन, जबरन लापता होने और सैन्य अभियानों का सामना कर रहे हैं क्योंकि उन्हें व्यवस्थित रूप से उपेक्षित, दबाया और दमन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान में मानव अधिकारों के व्यवस्थित दुरुपयोग और अपने लोगों की बुनियादी स्वतंत्रता पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

# सराफा बाजार : सोना और चांदी ने लगातार दूसरे दिन तेजी की चाल पकड़ी

**नई दिल्ली।** नवरात्रि के तीसरे दिन आज एक बार फिर घरेलू सराफा बाजार में तेजी का रुख बना हुआ नजर आया। सोना और चांदी दोनों ही चमकीली धातुओं ने आज तेजी की चाल पकड़ी। आज के कारोबार में सोने की कीमत में 280 रुपये प्रति 10 ग्राम से भी ज्यादा की तेजी दर्ज की गई। इसी तरह चांदी भी आज के कारोबार में उछल कर 69,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर गयी।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को सोना का अंतिम बंद भाव 59,086 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। आज के कारोबार में इस चमकीली धातु में 284 रुपये की मजबूती दर्ज की गई। अलग-अलग श्रेणियों में सोने ने आज 284 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 167 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दिखाई। दूसरी ओर, चांदी भी आज के कारोबार में 392 रुपये प्रति किलोग्राम तक उछल गया।

इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक घरेलू सराफा बाजार में आज कारोबारी सोना यानी 24 कैरेट (999) सोने की औसत कीमत 284 रुपये की तेजी के साथ चढ़ कर 59,370 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। इसी तरह 23 कैरेट (995) सोने की कीमत भी 283 रुपये की मजबूती के साथ 59,132 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। जेवराती यानी 22 कैरेट (916) सोने की कीमत में आज 260 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़त दर्ज की गई।

इसके साथ ही 22 कैरेट सोना 54,383 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा 18 कैरेट (750) सोने की कीमत आज प्रति 10 ग्राम 213 रुपये उछल कर 44,528 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गई, जबकि 14 कैरेट (585) सोना आज 167 रुपये महंगा होकर 34,732 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। सोने की तरह ही आज चांदी की कीमत में भी तेजी का रुख नजर आया। आज के कारोबार में चांदी (999) की कीमत में 392 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़त दर्ज की गई। आज की तेजी के कारण इस चमकीली धातु की कीमत पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार के आखिरी बंद भाव 69,136 रुपये प्रति किलोग्राम से उछल कर 69,528 रुपये प्रति किलोग्राम (अस्थाई) के स्तर पर आ गई।